mediaauditornews@gmail.com mediaauditor Epaperdainikmediaauditor.in mediaauditor वर्ष-04 अंक-190 पृष्ठ-8 मूल्य-3 रूपये

सतना
10 जुलाई 2024 बुधवार

दैनिक मीडियाऑडीटर

सतना, रीवा से एक साथ प्रकाशित



भारतीय बल्लेबाज...
@ पेज 7

# मुश्किल वक्त में रूस के लिए 'संकटमोचक' बना भारत

**● व्यापार ने तोड़ दिए सारे रेकॉर्ड, 65 अरब डॉलर के करीब पहुंचा ● पीएम मोदी को यूं ही गले नहीं लगा रहे पुतिन, बिछाया रेड**

**मास्को (एजेंसी)।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी सोमवार को दो दिवसीय दौरे पर मास्को पहुंचे तो उनकी अगवानी के लिए रूस के प्रथम उप प्रधानमंत्री डेनिस मांटुरोव हवाई अड्डे पर खड़े थे। रूस ने ऐसा स्वागत चीन के राष्ट्रपति शी जिनपिंग का भी नहीं किया था, जब वे पिछले साल मॉस्को गए थे। जिनपिंग को रिसीव करने के लिए रूस ने उप प्रधानमंत्री स्तर के निचले अधिकारी को भेजा था, जबकि पीएम मोदी के स्वागत के लिए प्रथम उप प्रधानमंत्री भेजा। दौरे के पहले दिन सोमवार को पीएम मोदी जब निजी मुलाकात के लिए रूसी राष्ट्रपति के सरकारी निवास पर पहुंचे तो व्लादिमीर पुतिन ने



गले लगाकर उनका स्वागत किया। पीएम मोदी ने उन्हें अपना परम मित्र बताया। आखिर पुतिन के लिए इतने खास क्यों हैं। तो जान लीजिए पीएम मोदी को पुतिन यूं ही गले नहीं लगा रहे हैं। भारत रूस के लिए संकटमोचक बन गया है। 2022 में यूक्रेन पर आक्रमण करने के बाद से रूस कठोर पश्चिमी प्रतिबंधों से जूझ रहा है।

रूसी गैस के सबसे बड़े आयातक पश्चिम ने अपने हाथ समेट लिए हैं। रूस के साथ व्यापार करने पर प्रतिबंध के खतरे हैं। इसने पहले से ही कमजोर रूसी अर्थव्यवस्था को और मुश्किल में डाल दिया है। रूस की अर्थव्यवस्था के लिए भारत संजीवनी बनकर आया, दबाव के आगे न झुकते हुए रूसी तेल और कोयला खरीदा।

## 'द बर्निंग ट्रेन' बनी बस, लगी भीषण आग

● 30 पैसेंजर्स थे सवार, ड्राइवर ने सभी को सुरक्षित निकाला, इंजन ओवरहीट होने से हादसे की आशंका




**बेंगलुरु (एजेंसी)।** बेंगलुरु के एमजी रोड पर मंगलवार की सुबह करीब 9 बजे चलती बस में आग लग गई। बस में 30 लोग सवार थे। ड्राइवर ने समय रहते बस रोककर सभी को बाहर निकाल लिया, जिससे सबकी जान बच गई। फिर उसने फायर ब्रिगेड को सूचना दी। राहगीरों ने बस में लगी आग का वीडियो बनाया, जिसमें बस से धुएं का गुबार उठता दिख रहा है। जबकि फायर ब्रिगेड के कर्मचारी उसे बुझाने की कोशिश कर रहे हैं। ये वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है। बेंगलुरु मेट्रोपोलिटन ट्रांसपोर्ट कॉर्पोरेशन के सूत्रों के मुताबिक, जिस बस में आग लगी, वह कोरमंगला डिपो की है। यह बस रूट 144ई पर चलती है।

# हाथरस हादसे के बाद ढोंगी संतों को ब्लैक लिस्ट करने की तैयारी

**20 बाबाओं पर अब कसेगा शिकंजा, 13 अखाड़ों में बनी सहमति**

**लखनऊ (एजेंसी)।** हाथरस कांड को लेकर एसआईटी ने अपनी रिपोर्ट शासन को सौंप दी है। इस रिपोर्ट में 100 से अधिक लोगों के बयान दर्ज किए गए हैं। इस रिपोर्ट में सत्संग कमेटी के साथ ही प्रशासन पर भी सवाल उठाए हैं। इस रिपोर्ट के बाद योगी सरकार ने एडीएम, सीओ और तहसीलदार समेत 6 लोगों के खिलाफ मामला दर्ज किया है। नारायण साकार हरि उर्फ भोले बाबा समेत 20 ढोंगी संतों को ब्लैक लिस्ट करने की भी तैयारी की जा रही है। इसके लिए 13 अखाड़ों के बीच सहमति भी बन गई है। जानकारी के मुताबिक ढोंगी बाबाओं को बैन करने के लिए 18 जुलाई को होने वाली कुंभ मेला प्रशासन के साथ अखाड़ा परिषद की बैठक में इस संबंध में प्रस्ताव रखा जा सकता है। इस बैठक में अखाड़ा परिषद ऐसे स्वयंभू बाबाओं को मेले में बसने के लिए जमीन और सुविधाएं ना दिए जाने को लेकर भी अपनी बात रखेंगे। इस बैठक में हाथरस कांड के नारायण



साकार हरि उर्फ भोले बाबा, बाबा राम रहीम और सेक्स सीडी कांड में फंसने के बाद दक्षिणी अमेरिका के इक्वाडोर में अलग देश बसाने का दावा करने वाले स्वामी नित्यानंद समेत 20 बाबा शामिल हैं। अखिल भारतीय अखाड़ा परिषद के अध्यक्ष महंत रवींद्र पुरी की ओर से हाल ही में इस संबंध में एक बयान भी सामने आया था। उन्होंने कहा कि जनता को गुमराज करने वाले बाबाओं की एक सूची बनाई गई है। 13 अखाड़ा परिषदों की इस पर सहमति बन चुकी है। प्रयागराज में महाकुंभ को लेकर तैयारियां तेज हो गई हैं। इसे लेकर बैठकों का दौर जारी है।

## संक्षिप्त समाचार

### आतंकियों ने रियासी हमले की थ्योरी कठुआ में दोहराई

**कठुआ (एजेंसी)।** जम्मू-कश्मीर के कठुआ जिले में सोमवार को आतंकियों के हमले में जूनियर कमीशंड ऑफीसर समेत 5 जवान शहीद हो गए। हमले में घायल 5 जवानों को कठुआ के बिलावर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र से देर रात पठानकोट मिलिट्री हॉस्पिटल रेफर



किया गया है। सेना के सूत्रों के मुताबिक, सुरक्षाबल दो ट्रकों में कठुआ से करीब 123 किलोमीटर दूर लोहाई मल्हार ब्लॉक के माछेड़ी इलाके के बडनोटा में दोपहर 3.30 बजे पहाड़ी इलाके में पेट्रोलिंग के लिए निकले थे। रास्ता कच्चा था, गाड़ी की रफ्तार भी धीमी थी। एक तरफ ऊंची पहाड़ी और दूसरी तरफ खाई थी।

### स्पोर्ट्स स्टोर लॉन्च करने की तैयारी में रिलायंस रिटेल

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** मुकेश अंबानी का रिलायंस रिटेल एक स्पोर्ट्स स्टोर लॉन्च करने की योजना बना रहा है। इसके जरिए कंपनी कोविड-19 के बाद तेजी से बढ़ते एथलीजर मार्केट में टार्गेट करेगी। इसके जरिए कंपनी फ्रांसीसी स्पोर्ट्स रिटेलर डेकाथलॉन को



टक्कर देगी। रिपोर्ट के अनुसार, कंपनी नए स्टोर के लिए बड़े शहरों के मॉल और रोड के किनारे 8 हजार से 10 हजार स्क्वायर फीट की जगह किराए पर लेने के लिए बातचीत कर रही है। हालांकि, कंपनी की ओर से ऑफिशियल तौर पर इसके बारे में कोई भी जानकारी नहीं दी है। रिलायंस ऐसी जगह की तलाश कर रही है जिसे मॉल के बाहर तक बढ़ाया जा सके।

### मुंबई हिट एंड रन केस से जुड़ा पब हुआ सील

● मालिक ने किया चौंकाने वाला खुलासा, बड़ी कार्रवाई

**मुंबई (एजेंसी)।** मुंबई के वर्ली में हुए बीएमडब्ल्यू हिट एंड रन केस में राज्य सरकार की तरफ से बड़ी कार्रवाई की गई है। सरकार के आबकारी विभाग ने हिट एंड रन केस से जुड़े पब को सील कर दिया है। आबकारी विभाग ने जुहू स्थित



वाइस ग्लोबल तापस बार को सील कर किया है। हिट एंड रन केस की जांच में सामने आया था किआरोपी मिहिर शाह यहां पर आया था।दो दिन की जांच के बाद आबकारी विभाग के नियमों का उल्लंघन पाने के बाद पब के खिलाफ एक्शन लिया है। तो वहीं दूसरी तरफ इस मामले में पब मालिक ने चौंकाने वाला खुलासा किया है। पब मालिक ने दावा किया है कि हिट एंड रन के आरोपी ने शराब नहीं पी थी।

# जंग से शांति का रास्ता नहीं

## समाधान के लिए वार्ता जरूरी

**राष्ट्रपति पुतिन के साथ शिखर वार्ता के दौरान बोले पीएम मोदी**

**रूसी राष्ट्रपति पुतिन बोले-आपकी कोशिशों का समान करते हैं**

**मास्को (एजेंसी)।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने रूस दौरे के दूसरे दिन राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन के साथ शिखर वार्ता में हिस्सा लिया। इस दौरान पुतिन ने कहा, आप यूक्रेन संकट का जो हल निकालने की कोशिश कर रहे हैं हम उसके लिए आपके आभारी हैं। वहीं, प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कहा- एक मित्र के तौर पर मैंने हमेशा कहा कि युद्ध के मैदानों से शांति का रास्ता नहीं निकलता है।



बम, बंदूक और गोलियों के बीच शांति संभव नहीं होती है। पीएम मोदी ने कहा-पिछले 40-50 साल से भारत आतंकवाद का सामना कर रहा है। इसलिए मॉस्को में हुए आतंकी हमले का दर्द समझ सकता हूं। मैं हर तरह के आतंकवाद की कड़ी निंदा करता हूं। शांति की बहाली में भारत हर संभव सहयोग करने के लिए तैयार है।

शांति के लिए मेरे मित्र पुतिन की बातों को सुनकर मुझे बहुत खुशी है। मैं विश्व समुदाय को आश्वस्त करना चाहता हूं कि भारत शांति का पक्षधर है। चाहे युद्ध हो, संघर्ष हो, आतंकवादी हमले हों, जब जान का नुकसान होता है तो मानवता में विश्वास रखने वाले हर व्यक्ति को दुख होता है।

● हमारे त्योहारों को रूसी दोस्त भी मनाते हैं

मोदी ने कहा- पिछले महीने इंटरनेशनल योग दिवस पर रूस में हजारों लोगों ने पार्टिसिपेट किया। हमारे त्योहारों को रूसी दोस्त भी मनाते हैं। ये पीपल टु पीपल कनेक्ट सरकार के दायरे से काफी ऊपर होता है। पीएम मोदी ने कहा- मैं अपने मित्र पुतिन की सरहाना करूंगा। उन्होंने बीते सालों में दोनों देशों के रिश्तों के लिए जो काम किया है, उसकी सराहना करता हूं। हमारी मुलाकात 17 बार हुई है। जब हमारे स्टूडेंट संघर्ष में फंसे तो पुतिन ने उन्हें देश लौटाने में मदद की। इसके लिए मैं उनका आभार व्यक्त करता हूं। हमारे नौजवान बड़ी संख्या में आते हैं।

● सिर पर लाल टोपी रूसी, फिर भी दिल है हिंदुस्तानी

रूस भारत का भरोसेमंद दोस्त है। हमारे रूसी दोस्त इसे दुधवा कहते हैं, हम इसे दोस्ती कहते हैं। रूस में सर्दी के मौसम में टेंपरेचर कितना भी माइनस में चला जाए दोनों देशों की दोस्ती गर्मजोशी के चलते प्लस में रही है। हमारा रिश्ता म्युचल रिस्पेक्ट पर टिका है। घर-घर में गाना गाया जाता है- सिर पर लाल टोपी रूसी, फिर भी दिल है हिंदुस्तानी।

## शहीद अंशुमान की मां राहुल से बोलीं-अग्निवीर बंद हो

**● 3 दिन पहले कीर्ति चक्र मिला, राहुल ने रायबरेली के हनुमान मंदिर में की पूजा**



**रायबरेली (एजेंसी)।** राहुल गांधी ने रायबरेली में कीर्ति चक्र से सम्मानित कैप्टन अंशुमान सिंह के माता-पिता से मुलाकात की। मंगलवार को भुए मऊ गेस्ट हाउस में उनके साथ चाय पी। राहुल ने कहा कि हम आपके साथ खड़े हैं। करीब 40 मिनट तक शहीद के परिवार से बात की।

राहुल से मिलने के बाद शहीद कैप्टन की मां मंजू ने कहा- अग्निवीर योजना बंद होनी चाहिए। यह योजना सैनिकों के लिए सम्मानजनक नहीं है। इसको लेकर राहुल ने पॉजीटिव रिस्पॉन्स दिया। उम्मीद है कि जब वो सत्ता में आएंगे, तो इस पर विचार करेंगे। 3 दिन पहले शहीद की पत्नी स्मृति को राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू से कीर्ति चक्र मिला था। मंगलवार सुबह 10 बजे राहुल लखनऊ एयरपोर्ट पर उतरे।

सड़क मार्ग से रायबरेली पहुंचे। रास्ते में रुककर हनुमान मंदिर में पूजा-अर्चना की। मंदिर में 15-20 मिनट तक रुके। राहुल ने वोटिंग के दिन भी इसी मंदिर में पूजा की थी। 5 दिन में राहुल का यह दूसरा यूपी दौरा है। 3 जुलाई को राहुल हाथरस गए थे।

## दिल्ली में इंटरनेशनल ऑर्गन ट्रांसप्लांट रैकेट का खुलासा

**महिला डॉ टर समेत 7 गिर तार, मास्टरमाइंड बांग्लादेशी, 25-30 लाख रुपए में डील होती थी**

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** दिल्ली पुलिस की क्राइम ब्रांच ने मंगलवार को इंटरनेशनल ऑर्गन ट्रांसप्लांट रैकेट का खुलासा किया है। मामले में इंद्रप्रस्थ अपोलो अस्पताल की एक महिला डॉक्टर समेत 7 लोगों को गिरफ्तार किया गया है। क्राइम ब्रांच के अफसर अमित गोयल ने बताया कि इस रैकेट का मास्टरमाइंड एक बांग्लादेशी है। अमित गोयल ने बताया कि हमने एक डॉनर्स और रिसीवर को भी गिरफ्तार किया है। रैकेट में



शामिल रसेल नाम का एक व्यक्ति मरीजों और डॉनर्स की व्यवस्था करता था। वे प्रत्येक ट्रांसप्लांट के लिए 25-30 लाख रुपए लेते थे। यह रैकेट 2019 से चल रहा था। रिपोर्ट के मुताबिक, गिरफ्तार महिला डॉक्टर की पहचान 50 साल की डॉ विजया कुमारी के रूप में हुई है। वो फिलहाल निलंबित हैं।

वह ऑर्गन ट्रांसप्लांट रैकेट के साथ काम करने वाली अकेली डॉक्टर हैं। उन्होंने नोएडा स्थित यथार्थ अस्पताल में 2021-23 के दौरान लगभग 15-16 ऑर्गन ट्रांसप्लांट किए थे। सूत्रों ने बताया कि डॉ विजया कुमारी एक सीनियर कंसल्टेंट और किडनी ट्रांसप्लांट सर्जन हैं।

**खालिस्तानियों पर मोदी सरकार का बड़ा ऐशन**

# 'सिख्स फॉर जस्टिस' पर लगा बैन 5 साल तक बढ़ाया



**नई दिल्ली (एजेंसी)।** केंद्रीय गृह मंत्रालय (एमएचए) ने खालिस्तानी संगठन सिख्स फॉर जस्टिस (एसएफजे) पर लगाए गए प्रतिबंध को 5 और वर्षों के लिए बढ़ा दिया है। यह प्रतिबंध पहली बार 2019 में लगाया गया था। भारत सरकार ने एसएफजे को गैरकानूनी गतिविधियां (रोकथाम) अधिनियम (यूएपीए) के तहत एक गैरकानूनी संगठन घोषित किया हुआ है। सरकार ने एसएफजे को देश की एकता और अखंडता के लिए खतरा मानते हुए यह कदम उठाया था। एसएफजे एक कट्टरपंथी खालिस्तानी संगठन है जो पंजाब में अलगाववादी आंदोलन को बढ़ावा देने की कोशिश करता रहा है। एसएफजे पर प्रतिबंध जारी करने वाली गृह मंत्रालय की 2019 की अधिसूचना में कहा गया, सिखों के लिए तथाकथित जनमत संग्रह की आड़ में, एसएफजे वास्तव में पंजाब में अलगाववाद और उग्रवादी विचारधारा का समर्थन कर रहा है। वह विदेशी धरती पर सुरक्षित ठिकानों से काम कर रहा है और अन्य देशों में विरोधी ताकतों द्वारा सक्रिय रूप से समर्थित है। वर्तमान में, भारत में पन्नू और एसएफजे के खिलाफ लगभग एक दर्जन मामले दर्ज हैं। सिख्स फॉर जस्टिस एक अंतरराष्ट्रीय संगठन है, जिसका मुख्य उद्देश्य भारत के पंजाब राज्य में एक स्वतंत्र सिख राष्ट्र खालिस्तान की स्थापना करना है। यह संगठन 2007 में स्थापित हुआ था और इसका मुख्यालय अमेरिका में स्थित है।

## कर्नाटक बीजेपी नेताओं को एचसी से मिली बड़ी राहत

● नफरती भाषण मामले में केस चलाने की याचिका खारिज

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** कर्नाटक बीजेपी के नेताओं को बड़ी राहत मिली है। कर्नाटक हाईकोर्ट ने बीजेपी नेताओं को बड़ी राहत देते हुए एक याचिका खारिज कर दी, जिसमें नेताओं के खिलाफ केस चलाने की मांग की गई थी। याचिका में कर्नाटक के बड़े भाजपा नेताओं के खिलाफ 'नफरत फैलाने वाले भाषण' देने के आरोप लगाए गए थे और कार्रवाई की मांग की गई थी।



याचिकाकर्ता ने एमपी रेणुकाचार्य, सीटी रवि, तेजस्वी सूर्या, प्रताप सिम्हा समेत राज्य के कई बड़े नेताओं के खिलाफ नफरत भरे भाषण मामले में कार्रवाई की मांग की थी। याचिकाकर्ता का नाम मोहम्मद खलीउल्ला है और उन्होंने दावा किया कि उन्हें सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म के जरिए नफरत भरे भाषणों के बारे में पता चला था।

## विधान परिषद की 11 सीट और उम्मीदवार 12

**महाराष्ट्र में फिर होगी रिजॉर्ट पॉलिटिस, 'खेला' शुरू**



**नई दिल्ली (एजेंसी)।** महाराष्ट्र में 12 जुलाई को विधानपरिषद की 11 सीटों के लिए वोटिंग होनी है। यह इलेक्शन दिलचस्प हो गया है। यहां पर 11 सीटों के लिए 12 उम्मीदवार चुनावी दंगल में उतारे गए हैं। ऐसे में अटकलें हैं कि क्रॉस वोटिंग भी हो सकती है। इससे पहले विपक्षी महाविकास अघाड़ी अलायंस पूरे अलर्ट मोड में है। मतदान से पहले ही विधायकों को रिजॉर्ट में भेजने की तैयारी है। ऐसा इसलिए किया जा रहा है क्योंकि एनडीए के नेता उनसे संपर्क करने की कोशिश कर सकते हैं। कांग्रेस, उद्धव ठाकरे की शिवसेना और शरद पवार की एनसीपी के विधायकों को होटल में रखने की प्लानिंग है। इतना ही नहीं, मुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे की पार्टी शिवसेना और अजित पवार की राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी के विधायकों को भी एक ही होटल में रुकने के लिए कहा जा सकता है।

## संक्षिप्त समाचार

### परीक्षा में लापरवाही को लेकर भिंड के सहायक प्राध्यापक डॉ. माहौर निलंबित

भोपाल। आयुक्त उच्च शिक्षा द्वारा भिंड जिले के शासकीय महाविद्यालय आलमपुर में पदस्थ सहायक प्राध्यापक डॉ. दिनेश कुमार माहौर को पद का दुरुपयोग, स्वेच्छाचारिता एवं लापरवाही के गंभीर कदाचरण कृत्यों के लिए मध्यप्रदेश सिविल सेवा आचरण नियमों के अंतर्गत तत्काल प्रभाव से निलंबित किया गया है। शासकीय महाविद्यालय आलमपुर में 5 जुलाई को दो पाली, सुबह 9 से 12 और दोपहर 2 से 5 में बी.ए./बीएससी प्रथम एवं द्वितीय वर्ष की परीक्षाएं संचालित थी, जिसके केंद्राध्यक्ष सहायक प्राध्यापक डॉ. दिनेश कुमार माहौर थे। अनुविभागीय अधिकारी, लहार द्वारा उक्त परीक्षा केन्द्र का निरीक्षण किया गया, जिसमें तीन नकल प्रकरण बनाए गए। निलम्बन काल में डॉ0 दिनेश कुमार माहौर का मुख्यालय कार्यालय आयुक्त उच्च शिक्षा संचालनालय भोपाल नियत रहेगा और निलम्बन अवधि में नियमानुसार जीवन निर्वाह भत्ता की पात्रता होगी। उल्लेखनीय है उच्च शिक्षा, तकनीकी शिक्षा एवं आयुष मंत्री श्री इन्दर सिंह परमार ने उच्च शिक्षा विभाग को परीक्षाओं की पवित्रता एवं पारदर्शिता बनाए रखने के निर्देश दिए हैं। श्री परमार ने परीक्षाओं जैसे महत्वपूर्ण कार्यों में किसी भी तरह की लापरवाही करने के विरुद्ध सख्त कार्यवाही किए जाने के निर्देश भी दिए हैं।

### मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने यवतमाल के दीनदयाल प्रबोधिनी में रोपा पौधा

भोपाल। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने महाराष्ट्र के नागपुर में मंगलवार 9 जुलाई को माँ जगदंबा मंदिर कोराड़ी में दर्शन कर प्रदेशवासियों की सुख-समृद्धि एवं खुशहाली की कामना की। उन्होंने चिंतामणि गणेश मंदिर में भी पूजा-अर्चना कर विघ्नहर्ता से देश और प्रदेशवासियों पर सर्वदा कृपा बनाए रखने की प्रार्थना की। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने यवतमाल के कलम्ब में दीनदयाल प्रबोधिनी पहुंच कर पं. दीनदयाल उपाध्याय की प्रतिमा पर माल्यार्पण किया। उन्होंने संस्थान के कार्यों के संबंध में जानकारी प्राप्त की तथा उपस्थित प्रबुद्ध जन के साथ पौधा रोपा।

### साइटिस प्राणी प्रजातियों के अवैध व्यापार में फरार आरोपी की अग्रिम जमानत खारिज

भोपाल। स्टेट टाइगर फोर्स मध्यप्रदेश भोपाल एवं क्षेत्रीय इकाई इंदौर द्वारा 25 मई, 2024 को प्रकरण में कार्रवाई करते हुए वन्य-प्राणी अपराध में संलग्न गिरोह के कार्तिक निवासी दिल्ली को 8 जून, 2024 को गिरफ्तार किया गया था। आरोपी की निशानदेही पर प्रदेश के बाहर बुलंदशहर (उ.प्र.) में कार्रवाई करते हुए 9 जून, 2024 को भारी मात्रा में अनुसूची-ढ्ढ्ढ में सूचीबद्ध, दुर्लभ जीवित प्राणी प्रजातियों के 40 से ज्यादा प्राणी प्रजातियां (विदेशी वन्य-प्राणी) जप्त किये गये। प्रकरण में फरार आरोपी उत्कर्ष अग्रवाल की अग्रिम जमानत याचिका अतिरिक्त विशेष सत्र न्यायालय इंदौर ने विस्तृत सुनवाई के बाद प्रकरण की गंभीरता को देखते हुए खारिज कर दी है।

### खेल मंत्री श्री सारंग ने विक्रम पुरस्कार प्राप्त खिलाड़ियों को नियुक्ति पत्र मिलने पर दी बधाई

भोपाल। खेल एवं युवा कल्याण मंत्री श्री विश्वास सारंग ने विक्रम पुरस्कार प्राप्त खिलाड़ियों को नियुक्ति पत्र मिलने पर बधाई दी है। उन्होंने बताया है कि प्रदेश के 28 खिलाड़ियों को 6 विभागों में नौकरियां प्राप्त हुई हैं। मंत्री श्री सारंग ने बताया कि जल संसाधन विभाग में 14, नगरीय विकास एवं आवास विभाग में 5, लोक निर्माण एवं चिकित्सा विभाग में 3-3, ऊर्जा विभाग में 2 और वन विभाग में एक खिलाड़ी को सरकारी नौकरी के लिए नियुक्ति पत्र प्रदान किए गए हैं। नियुक्ति प्राप्त करने वाली खिलाड़ियों में प्रमुख रूप से क्रिकेट खिलाड़ी पूजा वस्त्रकार, क्याकिंग-केनोइंग में प्राची यादव, पर्वतारोहण में श्री भगवान सिंह एवं श्री रत्नेश पांडे एवं शूटिंग में चिंकी यादव शामिल हैं।

### मुरैना में 70 लाख की वसूली के लिए 23 कनेक्शन काटे, चोरी के 16 केस बनाए

भोपाल। मध्य क्षेत्र विद्युत वितरण कंपनी द्वारा इन दिनों बकाया बिजली बिल वसूली के लिए अभियान चलाया जा रहा है। इसी क्रम में मुरैना में 70 लाख रुपए बकाया राशि की वसूली के लिए बिजली कंपनी की टीम ने गत दिनों बाल निकेतन रोड पर 23 घरों के कनेक्शन काट दिए और 16 लोगों के खिलाफ बिजली चोरी के केस बनाए। शहर में इन दिनों बिजली कंपनी का राजस्व वसूली अभियान चल रहा है। इसमें बिजली चोरी पर भी फोकस है। कलेक्टर मुरैना ने बिजली कंपनी को एक थानेदार, एक हवलदार व तीन सिपाही कोतवाली थाने से उपलब्ध कराए हैं। बिजली कंपनी की टीम ने गत दिनों गोपालपुरा बाल निकेतन रोड मुरैना पहुंचकर 23 बड़े बकायादारों के घर जाकर बिजली का बिल जमा करने के लिए कहा, लेकिन बकायादारों ने बिजली बिल जमा नहीं किये।

# पुलिस बल सादी वर्दी में रहे, सुरक्षा की पर्याप्त व्यवस्था करें-राज्य गौर

भोपाल। श्रावण मास में पर्व के अवसर पर गुफा मंदिर में होने वाले कार्यक्रमों की व्यवस्थाओ को लेकर पिछड़ा वर्ग एवं अल्पसंख्यक कल्याण राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार) श्रीमती कृष्णा गौर ने अधिकारियों को कार्यक्रमों की व्यवस्थाओं के संबंध में जरूरी निर्देश दिये। उन्होंने गुफा मंदिर महंत श्री रामप्रवेश दास जी से पर्व पर आयोजित होने वाले कार्यक्रमों की व्यवस्थाओं के संबंध में चर्चा करने के लिये अधिकारियों से कहा। श्रावण मास में सोमवार के दिन लगने वाले मेले में सुरक्षा के पर्याप्त इंतेजाम करने के लिये भी कहा। असामाजिक तत्वों पर सतत् निगरानी रखने के लिये मेले के अवसर पर पुलिस बल को सादी वर्दी में भी तैनात करें। श्रावण मास में पर्व के अवसर पर होने वाले कार्यक्रमों के संबंध में पेयजल, विद्युत और स्वास्थ्य व्यवस्थाओं को लेकर स्वास्थ्य अधिकारियों को निर्देश दिये गये कि सभी कार्य पर्व शुरू होने के पूर्व 20 जुलाई तक करना सुनिश्चित करें। पेयजल व्यवस्था के संबंध में कहा गया कि ओवरहेड टेंकों की सफाई और नल एवं पाइप लाइनों की रिपेयरिंग आदि कार्यों को समय पर करना सुनिश्चित करें। राज्य मंत्री श्रीमती गौर ने कहा कि लालघाटी चौराहे से गुफा मंदिरों तक स्ट्रीट लाइट की व्यवस्था सुनिश्चित करें। जहां पर केबल लाइन की जरूरत है, वहां केबल लाइन डलवाएं। प्रकाश की पर्याप्त व्यवस्था होनी चाहिए।



मंदिर परिसर में साफ-सफाई का विशेष ध्यान रखा जाए। उन्होंने लोक निर्माण विभाग के अधिकारियों को कहा कि मंदिर परिसर में गौ-शाला के गो-डाउन से लगे नाले की दीवार का पुनर्निमाण जल्दी करवाएं। पार्किंग व्यवस्था भी सुनिश्चित करें। मंदिर परिसर में पुलिस कंट्रोल रूम भी बनाएं। आगामी त्यौहारों में गुरू पूर्णिमा, नाग पंचमी, रक्षा बंधन, भुजरिया और श्रीकृष्ण जन्माष्टमी सहित श्रावण मास के सभी सोमवार को श्रृद्धालुओं बैरागढ़, पुलिस निरीक्षक बैरागढ़, लोक निर्माण विभाग, नगर निगम, स्वास्थ्य विभाग, लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग सहित अन्य संबंधित विभागों के अधिकारी मौजूद थे।

## एक पेड़ माँ के नाम अभियान में ग्राम खारखेड़ी में किया गया पौध-रोपण

भोपाल। प्रदेश में चलाए जा रहे पौध-रोपण कार्यक्रम एक पेड़ माँ के नाम के तहत प्रमुख सचिव उद्यानिकी श्री सुखवीर सिंह और संचालक श्री एस.बी. सिंह के नेतृत्व में उद्यानिकी अमले ने विकासखण्ड फन्दा के ग्राम खारखेड़ी में पौध-रोपण किया। इस अवसर पर प्रमुख सचिव श्री सुखवीर सिंह ने कहा है किमुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव द्वारा पर्यावरण संरक्षण के लिए पौध-रोपण कर वनीकरण को बढ़ावा देने के लिए 5 करोड़ पौधे लगाने का अभियान आरंभ किया गया है। उन्होंने एक पेड़ माँ के नाम अभियान का समर्थन करते हुये प्रदेश-वासियों को पौध-रोपण करने के लिए आव्हान किया है। उन्होंने कहा कि जब हम एक पेड़ माँ के नाम से रोपेगें तो हमारा विशेष रूप से भावनात्मक जुड़ाव होने से उस पौधे की देखभाल, सिंचाई एवं सुरक्षा के प्रति सतर्कता रखेंगें। परिणामत: पौध-रोपण अभियान की सफलता अधिकाधिक होगी। पौध-रोपण अंतर्गत हम फल प्रजातियों का चयन करते हैं, तो इससे दोहरा लाभ होगा। हरियाली, पर्यावरण संतुलन,



मृदा-नमी का संरक्षण, जैव-विविधता जैसे वानिकी लाभ के साथ ही फल उत्पादन से रोजगार एवं आर्थिक लाभ प्राप्त होगा। फलों की उपलब्धता बढ़ने के साथ संतु?लित पोषण से स्वास्थ्य एवं कार्यक्षमता की दृष्टि से समाज को बहुआयामी लाभ प्राप्त होगा। उद्यानिकी विभाग सभी नर्सरी में पौध-रोपण का विशेष अभियान चलाकर ग्रामीणजन को प्रेरित करेगा।

## जान की बाजी लगाकर बचाई करंट से जान....

भोपाल। पश्चिम क्षेत्र विद्युत वितरण कंपनी के तहत सोनकच्छ कस्बे में रेशम केंद्र की बारबेड फैंसिंग में फैले लीकेज करंट से सोनकच्छ निवासी श्री सत्यम पिता श्री अशोक को भयानक करंट लगा और वे चिपक गए। इसी दौरान मौके से गुजर रहे युवा श्री फरहान पठान और श्री केतन राठौर ने सूझबूझ और साहस का परिचय दिया और स्वयं को करंट से बचाते हुए आईसोलेट तरीके से सत्यम को कुछ सेकंड में ही फैंसिंग में फैले करंट से दूर कर दिया।



इसके बाद प्राथमिक उपचार कर उसकी जान बचाई। इस तरह दो युवाओं द्वारा जोखिम उठाकर तत्परता से की गई मेहनत से तीसरे युवा की जान बच गई। साहसी युवा फरहान और केतन की ऊर्जा मंत्री श्री प्रद्युम्न सिंह तोमर, मप्र पश्चिम क्षेत्र विद्युत वितरण कंपनी के प्रबंध निदेशक (एमडी) श्री अमित तोमर, देवास के कलेक्टर श्री ऋषव गुप्ता ने तारीफ की है। कलेक्टर श्री गुप्ता ने टी.एल. बैठक के दौरान दोनों ही साहसी युवाओं श्री फरहान पठान और श्री केतन राठौर को कलेक्टर कार्यालय ससम्मान बुलाया और सम्मानित किया। विद्युत वितरण कंपनी के देवास अधीक्षण यंत्री डॉ. डीएन शर्मा ने बताया कि यदि कुछ सेकंड दोनों ही युवा तत्परता नहीं दिखाते और सत्यम को करंट से अलग नहीं करते तो उसकी जान जा सकती थी। डॉ. शर्मा ने बताया कि मौके पर पंद्रह लोग एकत्र थे, लेकिन मात्र दो युवा फरिश्ते के रूप में फैले करंट के बीच पहुंचे और पांच सेकंड में पीड़ित को अलग कर उसकी जान बचाई।

# जन और जनजातीय संस्कृति के विकास में अव्वल मध्यप्रदेश

भोपाल। जनजातीय वर्ग के समग्र विकास के लिये राज्य सरकार बेहद संवेदनशील है। इस वर्ग के लिये सरकार की संवेदनशीलता इसी तथ्य से परिलक्षित होती है कि सालाना बजट 2024-25 में मध्यप्रदेश सरकार द्वारा अनुसूचित जनजाति (उप योजना) के लिये 40 हजार 804 करोड़ रूपये बजट आवंटित किया गया है। यह बजट वर्ष 2023-24 से 3 हजार 856 करोड़ रूपये (करीब 23.4 प्रतिशत) अधिक है। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव की जनजातीय वर्ग के कल्याण और इन्हें समर्थ बनाने की संवेदनशील पहल पर ही इस वर्ष जनजातीय कार्य विभाग को पहले से अधिक धनराशि आवंटित की गई है। जनजातीय बंधुओं और इनकी समृद्ध संस्कृति के संरक्षण और विकास के लिये सरकार द्वारा अनेक नवाचारी कदम उठाये जा रहे हैं। सरकार के प्रयासों से जनजातीय वर्ग के विद्यार्थी, युवा, खिलाड़ी और कलाकार अब विकास की एक नई राह पर चल पड़े हैं। जनजातीय वर्ग के बच्चों की शिक्षा-दीक्षा की ठोस चिंता करते हुए सरकार ने जनजातीय क्षेत्रों में सीएम राइज स्कूलों के निर्माण के लिये 667 करोड़ रूपये का बजट प्रावधान नियत किया है। इस वर्ग के विद्यार्थियों को उच्च शिक्षा ग्रहण करने के प्रति प्रोत्साहित करने के लिये सरकार ने 11वीं, 12वीं एवं महाविद्यालयीन का छात्रवृत्ति के लिये 500 करोड़ रूपये प्रावधान किया हैं। सरकार की अत्यंत सराहनीय पहल आकांक्षा योजना में जनजातीय वर्ग के 10वीं पास विद्यार्थियों को मध्यप्रदेश सरकार नीट, क्लैट एवं जेईई की निऱ्शुल्क कोचिंग देने का कार्य कर रही है। निऱ्शुल्क कोचिंग के साथ-साथ सरकार जनजातीय विद्यार्थियों को टैबलेट भी देगी। साथ ही डेटा प्लान भी सरकार द्वारा निऱ्शुल्क उपलब्ध कराया जाएगा। इस योजना के लिये सरकार ने बजट में 10 करोड़ 42 लाख रूपये आरक्षित कर दिये हैं। प्रधानमंत्रीजनजातीय आदिवासी न्याय महा अभियान (पीएम जन-मन) के तहत विशिष्टत- असुरक्षित जनजातीय समूहों विकास के लिये मध्यप्रदेश सरकार प्रतिबद्धता पूर्वक प्रयास कर रही है। मध्यप्रदेश में तीन विशेष पिछड़ी जनजातियां बैगा, भारिया एवं सहरिया निवास करती हैं। पीएम जन-मन योजना के तहत इन विशेष पिछड़ी जनजाति बाहुल्य क्षेत्रों में बहुउद्देश्यीय केन्द्र, ग्रामीण आवास, ग्रामीण सड़क, समग्र शिक्षा एवं विद्युतीकरण कार्य कराये जायेंगे। सरकार ने जारी वित्त वर्ष के बजट में इन कामों के लिये 1 हजार 607 करोड़ रूपये प्रावधानित किये हैं।मध्यप्रदेश सरकार द्वारा विशेष पिछड़ी जनजातियों (पीव्हीटीजी) आहार अनुदान योजना के तहत इन जनजाति समूह बाहुल्य ग्रामों में जनजातीय परिवारों को 1 हजार 500 रूपये प्रति माह आहार अनुदान के रूप में सहायता राशि दी जाती है। इसके लिये सरकार ने बजट 2024-25 में 450 करोड़ रूपये आवंटित किये हैं।

इस राशि से बैगा, भारिया एवं सहरिया जनजातीय परिवारों को निऱ्शुल्क आहार अनुदान वितरित किया जाएगा।

## मछुआ दिवस पर राज्यमंत्री श्री पंवार ने मछुआरों को दी बधाई

भोपाल। प्रदेश में 10 जुलाई को मछुआ दिवस मनाया जायेगा। इस संबंध में मछुआ कल्याण एवं मत्स्य विकास राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार) श्री नारायण सिंह पंवार ने मछुआरों को बधाई दी है। उन्होंने अपने संदेश में कहा है कि प्रदेश में मछली पालन को प्रोत्साहित कर बड़ी संख्या में जरूरतमंदों को रोजगार उपलब्ध कराया जा रहा है। पिछले वर्ष प्रदेश में 3 लाख 42 हजार मीट्रिक टन मत्स्योत्पादन का लक्ष्य हासिल किया गया। उन्होंने कहा कि मछुआरों की सहकारी समितियों से आगामी वर्ष में प्रदेश में 3 लाख 90 हजार मीट्रिक टन मत्स्य उत्पादन के लक्ष्य को हासिल किया जाएगा। राज्यमंत्री श्री पंवार ने अपने संदेश में कहा कि नीली क्रांति से प्रदेश में आर्थिक क्रांति लाने के ठोस प्रयास किये जा रहे है। इसके लिये अधिक से अधिक लोगों को मछली पालन के लिये प्रोत्साहित किया जा रहा है। राज्य सरकार मछली पालन के साथ-साथ उसके प्र-संस्करण, विपणन और भंडारण क्षमता बढ़ाने पर विशेष ध्यान दे रही है। राज्य मंत्री श्री पंवार ने कहा कि राज्य सरकार ने मछुआरों एवं मत्स्य पालकों को किसान क्रेडिट कार्ड के दायरे में लाने के लिये विशेष अभियान चालाया है। इस अभियान से उन्हें सस्ती दर पर ऋण उपलब्ध कराया जा रहा है। इस सुविधा के मिलने से प्रदेश के मत्स्य पालक साहूकारों और बिचौलियों के हाथों से फँसने से बच सकें है। प्रदेश में मत्स्य उत्पादन को बढ़ाने के लिये वर्ष 2024-25 में विभाग ने रोडमेप तैयार किया है। रोडमेप के जरिये प्रदेश में मत्स्य उत्पादन की नई संभावनाओं के लिये स्थानों को चिंन्हित किया जा रहा है।

## बालाघाट जिले के कोठियाटोला के जंगल में हुई मुठभेड़

भोपाल। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव की मंशानुसार मध्यप्रदेश पुलिस नक्सल उन्मूलन को कटिबद्ध है। इसी तारतम्य में हॉकफोर्स ने बालाघाट जिले के कोठियाटोला के जंगल में एक हार्डकोर नक्सली सोहन उर्फ उकास उर्फ आयतु को मुठभेड़ में ढेर कर दिया है। मुठभेड़ में मारा गया नक्सली तीस वर्षीय सोहन आईइडी (विस्फोटक) बनाने में एक्सपर्ट था। वह छत्तीसगढ़ के सुकमा जिले का रहने वाला है। यह मध्यप्रदेश, छत्तीसगढ़ और महाराष्ट्र में नक्सली गतिविधियों में संलिप्त था, जिस पर 14 लाख रुपए का इनाम घोषित था। उकास केबी डिवीजन का एसीएम था। उसके पास से 315 बोर की रायफल तथा केनवुड वायरलेस सेट बरामद किया गया है। हॉकफोर्स को सूचना मिली थी की बालाघाट के हट्टा थाना क्षेत्र के गोदरी पुलिस चौकी के ग्राम कोठियाटोला जंगल क्षेत्र में जीआरबी तथा केबी डिवीजन के नक्सलियों की गतिविधि है व वह सादे कपड़ों में राशन और दैनिक उपयोग की सामग्री एकत्र करने के लिए कोठियाटोला गांव पहुंच रहे हैं। इस आसूचना पर हॉकफोर्स ने जंगल में सघन सर्च अभियान आरंभ किया। हॉकफोर्स ने कोठियाटोला गांव में सादे कपड़ों में जा रहे 10-12 नक्सलियों को पूछताछ के लिए आवाज लगाई। इस दौरान संदिग्ध नक्सलियों द्वारा हॉकफोर्स पर अंधाधुंध फायरिंग की गई। आत्मरक्षा करते हुए हॉकफोर्स के जवानों ने जवाबी फायरिंग की। इस दौरान नक्सली घने जंगल और पहाड़ की आड़ लेकर भाग गए। सर्चिंग के दौरान एक नक्सली का शव बरामद हुआ।

जिसकी शिनाख्त केबी डिवीजन के खूंखार एसीएम सोहन उर्फ उकास उर्फ आयतु के रूप में की गई। इस बात की पूर्ण संभावना है कि मुठभेड़ में कुछ अन्य नक्सली घायल हुए हैं, जिनकी तलाश जारी है। मृतक नक्सली सोहन उर्फ उकास उर्फ आयतु, वर्ष 2013 से प्रतिबंधित संगठन भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी (माओवादी) में शामिल होकर छत्तीसगढ़ की कई घटनाओं में शामिल रहा है। संगठन के प्रभाव क्षेत्र में विस्तार हेतु अपनाई गई नीति को अंजाम देने के लिए इसे केन्द्रीय कमेटी के सदस्य रहे दीपक उर्फ मिलिंद तेलतुम्बड़े के सहयोगी की महत्वपूर्ण भूमिका दी जाकर वर्ष 2019 में एम.एम.सी. जोन में भेजा गया था। इससे पूर्व में हुई अन्य मुठभेड़ों में यह शामिल रहा था। मध्यप्रदेश में इसके विरुद्ध 08 आपराधिक प्रकरण पंजीबद्ध हैं। अन्य राज्यों में दर्ज आपराधिक प्रकरणों की जानकारी प्राप्त की जा रही है। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव द्वारा दिए गए निर्देश एवं प्रोत्साहन के परिणाम स्वरूप 14 दिसंबर 2023 को 14 लाख का ईनामी हार्ड कोर नक्सली मड़काम हिड्मा उर्फ चैतु (लगभग 32-33 वर्ष) निवासी ग्राम पोमरा, थाना मिरतुर, जिला बीजापुर (छत्तीगढ़) को मार गिराया गया था। अभियान में सम्मिलित 24 पुलिसकर्मियों को आउट ऑफ टर्न प्रमोशन प्रदान किया गया। 01 अप्रैल 2024 को नक्सल विरोधी अभियान के तहत दो ईनामी हार्ड कोर नक्सलियों को ढ़ेर करने वाले 25 पुलिसकर्मियों को भी आउट ऑफ टर्न प्रमोशन प्रदान गया है। पुलिसकर्मियों के मनोबल को बढ़ाने और साहसिक कार्यवाहियों को प्रेरित करने के लिए मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव द्वारा निरंतर इस तरह का प्रोत्साहन दिया जा रहा है तथा एक अप्रैल की मुठभेड़ में आउट ऑफ टर्न प्रमोशन प्राप्त पुलिसकर्मियों को रैंक लगाने मुख्यमंत्री स्वयं बालाघाट गए थे। सोमवार 8 जुलाई 2024 को भी हॉकफोर्स को 14 लाख के इनामी नक्सली सोहन उर्फ उकास उर्फ आयतु को धराशायी करने में सफलता मिली है।

## भुगतान प्रणाली को सुचारू एवं पारदर्शी बनाने के लिए तैयार किया जाएगा पोर्टल

भोपाल। ग्राम पंचायतों को स्वावलंबी बनाने की दिशा में विभाग को अभी कई महत्वपूर्ण निर्णय लेने हैं। इनमें सबसे महत्वपूर्ण है वित्तीय प्रबंधन। भुगतान प्रणाली को सुचारू एवं पारदर्शी बनाने के लिए ऑनलाइन पोर्टल जल्द से जल्द तैयार कराया जाए। इससे हम विभाग को उपलब्ध राशि, देनदारी की गणना तथा लक्षित लाभार्थियों तक उचित लाभ पहुँच पाए, इसका पारदर्शी संधारण कर सकेंगे। उक्त निर्देश पंचायत एवं ग्रामीण विकास मंत्री श्री प्रहलाद सिंह पटेल ने मंत्रालय में पंचायत एवं ग्रामीण विकास विभाग की समीक्षा बैठक के दौरान दिए। बैठक में अपर मुख्य सचिव श्री मलय श्रीवास्तव, संचालक पंचायत राज संचालनालय श्री मनोज पुष्प, मनरेगा आयुक्त श्री कृष्ण



चैतन्य, मिशन संचालक स्वच्छ भारत मिशन श्रीमती तनवी सुंद्रियाल, संचालक प्रधानमंत्री आवास योजना श्री केदार सिंह सहित विभागीय अधिकारी उपस्थित थे। मंत्री श्री पटेल ने कहा कि राज्य शासन ग्रामीण विकास के लिए प्रतिबद्ध है। पंचायती राज सिस्टम के सुचारु संचालन के लिये दिए जाने वाले प्रशिक्षण कार्यक्रम का एक मानक कैलेंडर तैयार किया जाए। स्थानीय विशेषताओं एवं छुट्टियों को ध्यान में रखते हुए प्रशिक्षण कार्यक्रम का निर्धारण किया जाना चाहिए। प्रशिक्षण की गुणवत्ता का विशेष ध्यान रखा जाए। उन्होंने कहा कि ग्रामीण यांत्रिकी सेवा के तहत नियुक्त पदाधिकारियों की पोस्टिंग परफॉर्मेंस के आधार पर की जाए। मंत्री श्री पटेल ने स्व-सहायता समूह और मनरेगा योजना के अभी सरण के तहत संकुल स्तर पर नर्सरी निर्माण कार्य कराये जाने के भी निर्देश दिये।

बैठक में शहरी क्षेत्रों से लगी पंचायतों में मध्यान्ह भोजन बेहतर तरीके से पहुंचाया जा सके इस पर भी चर्चा की गई साथ ही एक पेड़ माँ के नाम अभियान के तहत लगाए जाने वाले पौधों का सर्वाइवल रेट सुनिश्चित करने के लिए भी आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए।

कमिश्नर ने वीडियो कान्फ्रेंसिंग के माध्यम से विकास कार्यों के क्रियान्वयन की समीक्षा की

# कलेक्टर हर शुक्रवार फोन पर जन समस्याओं की करेंगे सुनवाई, सुबह 10 बजे खुलें ऑफिस

### कार्यालयों का निरीक्षण कर सुबह 10 बजे से खुलना सुनिश्चित करें - शिक्षा की गुणवत्ता पर विशेष ध्यान दें - शिक्षा विकास की धुरी है -



**मीडिया ऑडीटर, सीधी (निप्र)।** रीवा संभाग के कमिश्नर बीएस जामोद ने वीडियो कान्फ्रेंसिंग के माध्यम से प्रशासनिक व्यवस्थाओं तथा विकास कार्यों के क्रियान्वयन की समीक्षा की। कमिश्नर ने अधिकारियों को निर्देश देते हुए कहा कि शासन द्वारा कार्यालयीन समय सुबह 10 बजे से शाम 6 बजे तक निर्धारित किया गया है। सभी कार्यालयों का सुबह 10 बजे खुलना सुनिश्चित करें। कलेक्टर तथा अन्य अधिकारी कार्यालयों का नियमित रूप से निरीक्षण कर इसे कारगर बनाएं। अस्पतालों में बायोमेट्रिक उपस्थिति तथा कार्यालयों में व्हाट्सएप ग्रुप के माध्यम से भी इसकी मॉनीटरिंग करें। प्रशासन का मुख्य उद्देश्य विकास योजनाओं का क्रियान्वयन और जनकल्याण है। आमजनता की कठिनाईयों को दूर करने के लिए प्रभावी व्यवस्था करें। जन सुनवाई के साथ-साथ कलेक्टर प्रत्येक शुक्रवार को सुबह 11 बजे से 12 बजे तक मोबाइल फोन पर भी आमजनता की समस्याएं सुनकर उनका निराकरण कराएं।

कमिश्नर ने कहा कि सुशासन को ग्राम पंचायत तक सुदृढ़ करें। शासन की योजनाओं का प्रभावी क्रियान्वयन होगा तो सीएम हेल्पलाइन के प्रकरण अपने आप घटेंगे। विभिन्न योजनाओं के लाभ से वंचित होने पर ही सीएम हेल्पलाइन में आमजन शिकायत दर्ज करते हैं। सीएम हेल्पलाइन प्रकरणों के निराकरण के लिए सभी अधिकारी प्रतिदिन प्रयास करें। इसमें यदि कोई प्रकरण बिना किसी कार्यवाही के एल-1 से आगे बढ़ा तो संबंधित पर कार्यवाही करें। सभी कलेक्टर सीएम हेल्पलाइन के लंबित प्रकरणों में से 50 प्रतिशत का 30 दिवस में अनिवार्य रूप से निराकरण कराएं। योजनाओं के प्रभावी क्रियान्वयन के लिए अधिकारियों को हर माह लक्ष्य निर्धारित करें। इसकी पूर्ति के अनुसार अधिकारियों का मूल्यांकन करें। हाल ही में तीन नए कानून एक जुलाई से लागू किए गए हैं। जिले में आयोजित प्रत्येक महत्वपूर्ण आयोजन में नए कानूनों की जानकारी दें। पुलिस, राजस्व तथा अन्य विभाग के अधिकारियों की प्रशिक्षण कार्यशाला आयोजित कर इन कानूनों की जानकारी दें।

बैठक में कमिश्नर ने स्कूल चलें हम अभियान की समीक्षा करते हुए कहा कि शाला जाने योग्य प्रत्येक बच्चे का शाला में प्रवेश सुनिश्चित करें। अभी बच्चों के प्रवेश की स्थिति संतोषजनक नहीं है। कलेक्टर इसकी नियमित समीक्षा करें। शिक्षा की गुणवत्ता में सुधार के लिए निरंतर प्रयास करें। शिक्षा ही विकास की धुरी है। स्कूलों का नियमित संचालन सुनिश्चित करें। सभी जिलों में 14 जुलाई से उत्कृष्ट कालेज भी शुरू हो रहे हैं। इसके लिए सभी व्यवस्थाएं सुनिश्चित कर लें। कमिश्नर ने अधिकारियों को अतिवृष्टि की स्थिति में बाढ़ से राहत और बचाव के लिए समुचित उपाय के निर्देश दिए। कमिश्नर ने कहा कि जिन क्षेत्रों में बाढ़ की आशंका हो वहाँ आवश्यक उपकरणों, नाव तथा बचाव दल की व्यवस्था कर लें। शासन द्वारा हाल ही में एयर एंबुलेंस की सुविधा शुरू की गई है। कलेक्टर और मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी मिलकर आवश्यक होने पर रोगी को तत्काल एयर एंबुलेंस की सुविधा उपलब्ध कराएं। मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी वर्षा जनित रोगों से बचाव के लिए प्रत्येक गांव में आवश्यक दवाओं का भण्डारण कराएं। किसी भी क्षेत्र में उल्टी दस्त या अन्य महामारी का प्रकोप होने पर रैंपिड दल से तत्काल उपचार की व्यवस्था कराएं। संयुक्त संचालक पशुपालन 30 जुलाई तक पशुओं का शत-प्रतिशत टीकाकरण सुनिश्चित करें।

कमिश्नर ने कहा कि पूरे संभाग में पशुओं के सड़कों पर विचरण की बड़ी समस्या है। निराश्रित पशुओं को गौशालाओं में भेजने के लिए उचित प्रबंध करें। अधूरी गौशालाओं का निर्माण पूरा कराकर उनका भी संचालन सुनिश्चित करें। निराश्रित गौवंश के लिए आमजनों तथा स्वयंसेवी संस्थाओं के सहयोग से ही उचित व्यवस्था की जा सकती है। कमिश्नर ने कहा कि सभी कलेक्टर कृषि आदान की नियमित समीक्षा करें। सभी जिलों में पर्याप्त मात्रा में बीज और यूरिया खाद उपलब्ध है। किसानों को डीएपी खाद के स्थान पर एसएसपी और एनपीके के उपयोग के लिए प्रेरित करें। अधीक्षण यंत्री पीएचई सभी हैण्डपंपों और अन्य पेयजल स्रोतों का स्थानीय निकायों के सहयोग से शुद्धिकरण कराएं। कमिश्नर ने कहा कि पूरे संभाग में एक पेड़ माँ के नाम अभियान के तहत वृक्षारोपण किया जा रहा है। निर्धारित लक्ष्यों के अनुसार वृक्षारोपण कराना सुनिश्चित करें। सभी शिक्षण संस्थाओं तथा कार्यालयों के परिसर में अनिवार्य रूप से वृक्षारोपण कराएं।

बैठक में कमिश्नर ने शिशुओं तथा गर्भवती महिलाओं के टीकाकरण, पोषण आहार के वितरण, किसानों की आमदनी बढ़ाने के उपायों तथा कार्यालयों के निरीक्षण के संबंध में अधिकारियों को निर्देश दिए।

वीडियो कांफ्रेंसिंग में सम्मिलित होते हुए कलेक्टर स्वरोचिष सोमवंशी ने बताया कि नागरिक सुविधाओं को बढ़ाने तथा उनकी समस्याओं के त्वरित निराकरण के लिए तत्परता से कार्यवाही की जा रही है। लंबित सीमांकन के निराकरण के लिए जिले में प्रत्येक शनिवार को सीमांकन का विशेष अभियान चलाया जा रहा है। सामाजिक सुरक्षा पेंशन योजना से प्रत्येक पात्र हितग्राही को लाभान्वित करने के लिए जिले में शून्य शक्ति अभियान चलाया जा रहा है जिसके तहत गत एक माह में 2 हजार से अधिक पेंशन स्वीकृत किए गए हैं। सीएम हेल्पलाइन के प्रकरणों के निराकरण के लिए जिलास्तर पर कंट्रोल रूम संचालित है जो लगातार हितग्राहियों से संपर्क कर उनकी समस्याओं का निराकरण सुनिश्चित कर रहा है। जनसुनवाई में प्राप्त प्रकरणों के त्वरित निराकरण के लिए क्विक रिस्पांस टीम गठित की गई है।

वीसी में एनआईसी केंद्र सीधी से अपर कलेक्टर राजेश शाही, उपखण्ड अधिकारी गोपद बनास नीलेश शर्मा सहित संबंधित विभागीय अधिकारी उपस्थित रहे।

## राज्य सरकार ने आयुष्मान योजना का लाभ देने का निर्णय लिया




**मीडिया ऑडीटर, सीधी (निप्र)।** राज्य सरकार ने सरकारी कर्मचारियों के साथ आशा, आंगनबाड़ी कार्यकर्ता, मिनी आंगनबाड़ी कार्यकर्ता, सहायिका, कोटवार, पंचायत सचिव, ग्राम रोजगार सहायक को भी आयुष्मान योजना का लाभ देने का निर्णय लिया है। मंगलवार को लोक स्वास्थ्य एवं चिकित्सा शिक्षा विभाग के अपर मुख्य सचिव मोहम्मद सुलेमान आदेश जारी कर योजना की शर्तों को स्पष्ट किया।


इनको नहीं मिलेगा योजना का लाभ

आदेश में स्पष्ट किया गया है कि इनमें से किसी के परिवार का कोई भी सदस्य यदि पिछले तीन वर्ष में कभी भी आयकरदाता रहा हो तो उस परिवार को योजना का लाभ नहीं मिलेगा। साथ ही जिस परिवार का कोई सदस्य सरकारी कर्मचारी होने के साथ ही केंद्र या राज्य सरकार की किसी योजना के अंतर्गत निश्शुल्क उपचार का लाभ ले रहा है तो उसे योजना के अंतर्गत पात्र नहीं माना जाएगा।

इनके अतिरिक्त उन परिवारों को भी अपात्र माना गया है जिस परिवार का कोई भी सदस्य किसी सरकारी योजना के अंतर्गत निश्शुल्क उपचार का लाभ ले रहा है। लोक स्वास्थ्य एवं चिकित्सा शिक्षा विभाग ने अपात्र परिवारों के अतिरिक्त अन्य पात्र कर्मचारियों की सूची उपलब्ध कराने के लिए कहा है, जिससे उन्हें योजना का लाभ मिल सके।

**आयुष्मान भारत योजना:** आयुष्मान योजना भारत सरकार द्वारा चलाई जा रही एक महत्वपूर्ण स्वास्थ्य योजना है। इसका मुख्य उद्देश्य भारतीय नागरिकों को मुफ्त या सस्ती चिकित्सा सेवाओं तक पहुंचना है। इसके तहत गरीब और वंचित वर्गों को 5 लाख रुपये की चिकित्सा सहायता प्रदान की जाती है।

## बालमुखी रामायण लिखने वाले छात्र की एफबी हैक



**मीडिया ऑडीटर, इंदौर (निप्र)।** बालमुखी रामायण लिखने वाले छात्र अवि शर्मा को साइबर अपराधियों से धमकी मिली है। अपराधियों ने अवि का फेसबुक (एफबी) अकाउंट हैक कर 500 डालर की फिरौती मांगी है। ई-मेल कर अवि को बदनाम करने की धमकी भी दे रहे हैं। अपराध शाखा इस मामले की जांच कर रही है।

**अरब देश से मेल आने की आशंका:** पुलिस को शक है कि फिरौती के लिए ईमेल अरब देश से आया है। दसवीं के छात्र अवि शर्मा बालमुखी रामायण लिख चुके हैं। उनकी इस प्रतिभा से प्रसन्न होकर प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने वीडियो कान्फ्रेंस के माध्यम से बात कर प्रशंसा की थी। अवि इंटरनेट मीडिया(फेसबुक, इंस्टाग्राम और यूट्यूब) पर सक्रिय रहते हैं।

पिछले दिनों अवि का फेसबुक अकाउंट साइबर अपराधियों ने हैक कर लिया। अवि को ई-मेल कर धमकाया और कहा कि उन्हें 500 डालर चाहिए। फिरौती न देने पर अपराधियों ने अवि की फेसबुक का सारा डेटा डिलिट कर दिया। उन्हें आगे डैमेज करने की धमकी दी।

**साइबर अपराधियों का हाथ लग रहा डाटा:** मेल भी अवि की फेसबुक आईडी से भेजा गया था। मंगलवार को अवि अपराध शाखा पहुंचे और शिकायत दर्ज करवाई। अतिरिक्त पुलिस उपायुक्त(एडीसीपी) अपराध राजेश दंडोतिया के मुताबिक फिरौती रेंडसम वेयर के माध्यम से मांगी जा रही है। इस हरकत में अरब देश के साइबर अपराधियों का हाथ लग रहा है।

पुलिस ने अवि के यूट्यूब और इंस्टाग्राम का अकाउंट का पासवर्ड बदल दिया है। एडीसीपी के मुताबिक अवि के यूट्यूब पर 25 हजार और फेसबुक पर 10 हजार सब्सक्राइबर हैं। अपराधियों ने प्रोफाइल देखने के बाद ही अवि को निशाना बनाया है।आरोपियों ने अवि के जी-मेल अकाउंट को भी हैक करने की कोशिश की थी। हालांकि वह इसमें सफल नहीं हुए। आरोपित फिरौती के लिए अवि के ही फेसबुक अकाउंट का इस्तेमाल कर रहे हैं। ऐसा कृत्य फिरौती के लिए सॉफ्टवेयर से किया जाता है।

## इंदौर में 51 लाख पौधारोपण के महाअभियान के साथ जुड़ेंगे छात्र



**मीडिया ऑडीटर, इंदौर (निप्र)।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के आह्वान पर पूरे देश में चल रहे 'एक पेड़ माँ के नाम' अभियान के अंतर्गत मध्य प्रदेश सरकार ने भी प्रदेश में वृहद वृक्षारोपण का संकल्प लिया है। इस महाअभियान के साथ मालवांचल यूनिवर्सिटी, इंडेक्स समूह संस्थान द्वारा 13 जुलाई से 'एक पेड़ माँ के नाम' अभियान की शुरुआत की जा रही है। 5 हजार छात्रों के साथ 2 हजार से अधिक कर्मचारी और शिक्षक इस महाअभियान का हिस्सा होंगे।

इसमें इंडेक्स समूह संस्थान द्वारा 11 हजार से अधिक पौधे लगाने का लक्ष्य रखा गया है। इस अभियान के तहत देश में सितम्बर 2024 तक 80 करोड़, प्रदेश में 5 करोड़ 50 लाख और इंदौर में 51 लाख पौधों का रोपण किया जाना प्रस्तावित है। महावृक्षारोपण अभियान का मुख्य उद्देश्य अधिक-से-अधिक पौधे रोपित कर राज्य को हरा-भरा बनाकर पर्यावरण संतुलन बनाए रखना है। इसके साथ ही इंडेक्स समूह संस्थान के चेयरमैन सुरेशसिंह भदौरिया व वाइस चेयरमैन मयंकराज सिंह भदौरिया, मालवांचल यूनिवर्सिटी के कुलपति डॉ. संजीव नारंग, रजिस्ट्रार डॉ. लोकेश्वर सिंह जोधाणा, डीन डॉ. जीएस पटेल, एडिशनल डायरेक्टर आर सी यादव, डायरेक्टर एच आर रुपेश वर्मा सहित विभिन्न वरिष्ठ अधिकारी उपस्थित रहेंगे।

इस महाअभियान के साथ इंडेक्स मेडिकल कॉलेज, इंडेक्स नर्सिंग कॉलेज, इंडेक्स डेंटल कॉलेज, इंडेक्स एग्रीकल्चर कॉलेज, इंडेक्स डिपार्टमेंट ऑफ पैरामेडिकल एंड फिजियोथैरेपी, इंडेक्स होम्योपैथी कॉलेज हॉस्पिटल एंड रिसर्च सेंटर, इंडेक्स इंस्टीट्यूट आफ मैनेजमेंट आर्ट्स एंड साइंस, माउंट इंडेक्स इंटरनेशनल स्कूल सहित विभिन्न संस्थानों में पौधारोपण कार्यक्रम किया जाएगा। इसमें डबल चौकी स्थित अर्बन हेल्थ केयर सेंटर और सात मील स्थित रुरल हेल्थ ट्रेनिंग सेंटर पर वृक्षारोपण किया जाएगा।

## जिले में औसत वर्षा 142.8 मि.मी. दर्ज, सर्वाधिक वर्षा रामपुर नैकिन में

**मीडिया ऑडीटर, सीधी (निप्र)।**अधीक्षक भू-अभिलेख ने बताया कि 09 जुलाई को सीधी जिले में 0.0 मि.मी. औसत वर्षा दर्ज की गई है। तहसील रामपुर नैकिन में 0.0 मि.मी., चुरहट में 0.0 मि.मी., गोपद बनास में 0.0 मि.मी., सिहावल में 0.0 मि.मी., बहरी में 0.0 मि.मी., मझौली में 0.0 मि.मी. और कुसमी में 0.0 मि.मी. वर्षा हुई है।

उल्लेखनीय है कि जिले में अब तक 142.8 मि.मी. औसत वर्षा दर्ज हुई है। 01 जून से 09 जुलाई तक तहसील रामपुर नैकिन में सर्वाधिक वर्षा 208.6 मि.मी. दर्ज की गई है। तहसील चुरहट में 74.8, गोपद बनास में 123.8, सिहावल में 133.4, बहरी में 121.2 मझौली में 172.0 मि.मी. और कुसमी में 166.0 मि.मी. औसत वर्षा हुई है जबकि गतवर्ष इसी अवधि में जिले में 152.1 मि.मी. औसत वर्षा दर्ज हुई थी। गतवर्ष की तुलना में इस वर्ष 23.5 मि.मी. औसत वर्षा कम हुई है।

## इंस्पायर अवार्ड मानक योजना 2024-25 के लिये ऑन-लाइन आईडिया अपलोड का पोर्टल प्रारम्भ




**मीडिया ऑडीटर, सीधी (निप्र)।** विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी मंत्रालय भारत सरकार की इंस्पायर अवार्ड मानक योजनान्तर्गत विद्यार्थियों के ऐसे मौलिक विचार जो समाज की समस्याओं का समाधान कर सकें और इसके अलावा घरेलू और मजदूरों के श्रम को कम करने के उपाय तथा उनकी कार्य क्षमता को बढ़ाने के साथ-साथ सेवाओं को भी आसान करने की अभिनव राह तैयार कर सकें। विद्यार्थियों के मौलिक विचारों को भारत सरकार विज्ञान और प्रौद्योगिकी मंत्रालय, विज्ञान और प्रौद्योगिकी विभाग द्वारा ऑनलाईन आमंत्रित किया जाता है। भारत सरकार द्वारा विद्यालयों के कक्षा 6 वीं से 10 वीं तक के स्कूली बच्चों के नवाचारी मौलिक विचार को ऑनलाइन प्राप्त करने का लक्ष्य रखा गया है।

**कौन पात्र होंगे:** एपीसी रमसा डॉ. सुजीत कुमार मिश्र ने जानकारी देकर बताया कि इस योजना में शासकीय, अनुदान प्राप्त, अशासकीय विद्यालय, केन्द्रीय विद्यालय, नवोदय विद्यालय एवं सीबीएसई, आईसीएसई से मान्यता प्राप्त जिले में संचालित विद्यालयों में अध्ययनरत 10 से 15 वर्ष की आयु वर्ग और कक्षा 6वीं से 10वीं कक्षा में अध्ययनरत विद्यार्थियों के आइडिया को शामिल किया जाना है। वर्ष 2024-25 के लिए समस्त विद्यालयों के नामांकन एवं प्रति विद्यालय पांच विद्यार्थियों अर्थात कक्षा 6, 7, 8, 9 और 10वीं के एक-एक विद्यार्थी कुल एक स्कूल से 05 विद्यार्थी के आइडिया ऑनलाइन अपलोड किए जाएंगे।

**चयनित आईडिया को मिलेंगे दस हजार रूपये अवार्ड राशि:** आइडिया की नवीनता, वर्तमान परिस्थितियों के समाधान में उपयोगिता, सामजिक व्यवहारिकता में उपयोगिता, वर्तमान सरकार की योजनाओ में प्रासांगिकता, प्रसार का दायरा एवं लागत की प्रभावशीलता को ध्यान में रखतें हुए विद्यार्थियो के मौलिक विचार अपलोड किये जायेगे। चयनित सभी विद्यार्थियों को अवार्ड की राशि रूपये 10 हजार सीधे उनके खातों में भेजी जायेगी। जिला शिक्षा अधिकारी सीधी डॉ. प्रेमलाल मिश्रा ने जिले के समस्त प्राचार्य एवं प्रधानाध्यापक को अपने विद्यालय से अच्छे आईडिया अपलोड करने हेतु पत्र जारी किया है।

## इंदौर आए लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला दे गए नई सीख

**मीडिया ऑडीटर, इंदौर (निप्र)।** लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला ने मंगलवार को इंदौर नगर निगम मुख्यालय में आयोजित एक कार्यक्रम में कहा कि लोकसभा और विधानसभा की तर्ज पर नगर निगमों में सदन को चलाने के लिए प्रक्रिया निर्धारित की जाना चाहिए। एक घंटे का शून्य काल हो, जिसमें विविध मुद्दे उठाए जा सकें।

**नगरीय निकाय भी बुलाए विशेष सत्र:** पानी, बिजली, सीवरेज जैसे मुद्दों पर चर्चा के लिए विशेष सत्र बुलाए जाएं। ऐसे प्रयास किए जाने चाहिए, जिससे सदन पूरे दिन चल सके। सकारात्मक रूप से जनता से जुड़ी समस्याओं पर चर्चा होनी चाहिए। जितना सुंदर इंदौर नगर निगम का सभागृह है, उतनी ही सुंदर इसकी कार्रवाई भी होना चाहिए।इस सदन को ऐसे आदर्श स्थापित करना चाहिए ताकि प्रदेश के अन्य नगरीय निकाय यहां आकर देखें और सीखें कि नगर निगम सदन की कार्रवाई कैसे चलती है। इस अवसर पर कैबिनेट मंत्री कैलाश विजयवर्गीय, महापौर पुष्यमित्र भार्गव, निगमायुक्त शिवम वर्मा, सांसद शंकर लालवानी, महापौर परिषद सदस्य और पार्षदों के साथ-साथ निगम के अधिकारी भी मौजूद थे।

**जलवायु परिवर्तन सबसे बड़ी चुनौती:** बिरला ने कहा कि जलवायु परिवर्तन देश ही नहीं, विश्व में सबसे बड़ी चुनौती है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने एक पेड़ मां के नाम अभियान के माध्यम से दुनिया को दिशा दी है। कैबिनेट मंत्री कैलाश विजयवर्गीय ने जो 51 लाख पौधे रोपने का संकल्प लिया है, वह पूरे देश के लिए प्रेरणा का काम करेगा।

**उम्र में छोटे हैं लेकिन मैंने उनसे बहुत सीखा है:** कार्यक्रम में कैबिनेट मंत्री कैलाश विजयवर्गीय ने कहा कि बिरला लोकतंत्र के मंदिर के रखवाले हैं। वह उम्र में भले ही मुझसे छोटे हैं, लेकिन मैंने उनसे बहुत कुछ सीखा है। हमने लोकसभा में गंभीरता, पवित्रता, निष्पक्षता देखी है। सांसदों का आचरण भी देखा है।हमने देखा है कि जब भी कोई सांसद बोलते हैं तो कोई शोर नहीं करता, लेकिन इस बार ऐसा नहीं हुआ। प्रधानमंत्री के भाषण के दौरान कुछ विपक्षियों ने जमकर हंगामा मचाया। विजयवर्गीय ने बिरला से कहा कि आप हेड मास्टर हैं। आप सासंदों को बताएं कि वे सदन में कैसा व्यवहार करें। आप उनके लिए आदर्श हैं।आपका गुस्सा क्षणिक होता है। जहां जरूरत होती है, आप गुस्सा दिखाते हैं और जहां जरूरत होती है, मुस्कुरा देते हैं। सांसद आपके चेहरे को देखकर समझ जाते हैं कि आप क्या चाहते हैं।

जनसुनवाई में कलेक्टर ने 256 आवेदकों की समस्याओं को सुना, अधिकारियों को दिये निर्देश

# समस्याओं का समय-सीमा में गुणवत्तापूर्ण निराकरण सुनिश्चित करें





**मीडिया ऑडीटर, सीधी (निप्र)।** जनसुनवाई में कलेक्टर स्वरोचिष सोमवंशी द्वारा जिले के विभिन्न अंचलों से आए 256 आवेदकों की समस्याओं को ध्यानपूर्वक सुनते हुए संबंधित अधिकारियों से संपर्क कर शिकायत की वस्तुस्थिति की जानकारी प्राप्त की गई तथा उसके निराकरण के लिए निर्देश दिए गए। अनिराकृत आवेदनों के लिये समय-सीमा निर्धारित कर अधिकारियों को समय-सीमा में निराकरण करने के निर्देश दिए गए हैं। कलेक्टर ने समस्त एसडीएम एवं सीईओ जनपद पंचायत को निर्देशित किया है कि शून्य शक्ति अभियान के तहत प्रत्येक पात्र हितग्राही के सामाजिक सुरक्षा पेंशन स्वीकृत करें। जिन हितग्राहियों के बीपीएल के अभाव के कारण पेंशन प्रकरण निरस्त किए गए थे, उनका पुनरावलोकन कर उसको तत्काल निराकरण करते हुए निर्धारित लक्ष्य की प्राप्ति करें। एसडीएम तथा तहसीलदार सीमांकन के आवेदनों का तत्परता से निराकरण सुनिश्चित करायें। कलेक्टर ने कहा कि जनसुनवाई में प्रत्येक समस्या की गम्भीरता को देखते हुये उसके निराकरण के लिये समय सीमा निर्धारित की जाती है। जिला अधिकारी प्रतिदिन आवेदनों के निराकरण की स्थिति से अवगत कराना सुनिश्चित करें। जनसुनवाई में अपर कलेक्टर राजेश शाही, उपखण्ड अधिकारी गोपद बनास नीलेश शर्मा सहित जिला स्तरीय अधिकारी उपस्थित रहे। आज आयोजित जनसुनवाई में समस्त उपखण्ड अधिकारी, तहसीलदार और मुख्य कार्यपालन अधिकारी जनपद पंचायत भी वीडियो कांफ्रेंसिंग के माध्यम से जिला स्तरीय जनसुनवाई से जुड़े रहे।

# विचार

## पीएएम नामक अमीबा संक्रमण क्या है?

कमलेश पांडे

क्या आपको पता है कि अपने बच्चों को नदी और तालाबों से दूर रखना है? यदि नहीं तो निश्चय ही ऐसा ही कीजिए, क्योंकि यदि थोड़ी सी भी लापरवाही बरती तो आपका बच्चा दिमाग खाने वाले अमीबा संक्रमण की चपेट में आ सकता है, जो दूषित जल में पाए जाने वाले अमीबा से होता है। यह बात मैं नहीं कह रहा, बल्कि राष्ट्रीय रोग नियंत्रण केंद्र ( एनसीडीसी ) ने अपने एक दिशा-निर्देश में कही है, जो हमें सावधानी बरतने को अभिप्रेरित करती है। समझा जाता है कि दिमाग खाने वाला अमीबा संक्रमण मानसून के समय तेजी से प्रसारित हो सकता है। यह अमीबा मिट्टी में पाया जाता है और नदी या जलाशयों में मौजूद पानी में जाने से यह अमीबा इंसानों के शरीर तक पहुंच सकता है। लिहाजा, जरूरी है कि गांव और कस्बों में इसे लेकर जागरूकता पर काम किया जाए, जिसमें प्रशासनिक अधिकारियों की जिम्मेदारी तय होनी चाहिए। गौरतलब है कि अमीबा संक्रमण से होने वाली बीमारी को प्राइमरी अमीबिक मेनिंगोएनसेफेलाइटिस ( पीएएम ) के नाम से जानते हैं जो नेगलेरिया फाउलेरी नामक अमीबा की वजह से होती है। यह गन्दे पानी में पाया जाता है। यह नाक से शरीर में प्रवेश करता है। वहीं, अमेरिका के सेंटर ऑफ डिसीज कंट्रोल के अनुसार, पीएएम मस्तिष्क का संक्रमण है, जो अमीबा यानी नेगलेरिया फाउलेरी नामक एकल कोशिका वाले जीव से होता है। यह अमीबा मिट्टी और गर्म पानी वाले झीलों, नदियों व झरनों में रहता है। इसे आमतौर पर दिमाग खाने वाला अमीबा कहा जाता है, क्योंकि अमीबा युक्त पानी जब नाक में जाता है तो यह दिमाग को संक्रमित कर देता है। इसे एंटीबायोटिक दवाओं से खत्म करना मुश्किल है। यदि समय रहते संक्रमण को नहीं रोका जाए तो 5 से 10 दिन में मौत हो सकती है। वहीं, कुछ अन्य विशेषज्ञों के मुताबिक, यह काफी जोखिम भरी बीमारी है जो महज 4 से 14 या 18 दिन के भीतर मरीज की जान ले सकती है। इसकी मृत्यु दर करीब 98 फीसदी है, जिसका मतलब यह है कि 100 में 98 मरीज की मौत हो सकती है। ऐसे में यदि कोरोना या फिर टीबी संक्रमण की मृत्यु दर से इसकी तुलना की जाए तो यह क्रमशः 97 और 10 गुना ज्यादा है। जिससे साफ पता चलता है कि राज्यों का समय पर एक्शन में आना बहुत जरूरी है। एनसीडीसी के मुताबिक, केरल के कोझिकोड, मलप्पुरम और कन्नूर में तीन बच्चों की मौत इसी बीमारी से हुई है, जबकि चौथा मामला अन्य पयोली जिले में सामने आया है। चिंता की बात तो यह है कि मई 2024 से जुलाई 2024 कुल 4 मामले सामने आ चुके हैं। वहीं, अबतक के मामलों में सिर्फ बच्चे ही इससे पीड़ित हुए हैं। इसकी कुछ दवाएं भी विदेशों से मंगाई जा रही हैं। मसलन, केरल में यह मरीज इसलिए भी सामने आ रहे हैं, क्योंकि यहां के सभी जिलों को एलर्ट पर रखा गया है। साथ ही अस्पतालों को भी स्पष्ट दिशानिर्देश दिए गए हैं। संदिग्ध मरीजों के सैम्पल की जांच आईसीएमआर की प्रयोगशाला में की जा रही है।

# भारतीय आर्थिक दर्शन के अनुरूप हो इस वर्ष का बजट

प्रह्लाद सबनानी

**वित्तीय वर्ष 2024-25 का पूर्णकालिक बजट माननीय वित्तमंत्री निर्मला सीतारमण द्वारा भारतीय संसद में 23 जुलाई 2024 को पेश किया जा रहा है। वर्तमान में भारत सहित विश्व के लगभग समस्त देशों में पूंजीवादी नीतियों का अनुसरण करते हुए अर्थव्यवस्थाएं आगे बढ़ रही हैं। परंतु, हाल ही के वर्षों में पूंजीवादी नीतियों के अनुसरण के कारण, विशेष रूप से विकसित देशों को, आर्थिक क्षेत्र में बहुत भारी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है और यह देश इन समस्याओं का हल निकाल ही नहीं पा रहे हैं।**



नियंत्रण से बाहर होती मुद्रा स्फीति की दर, लगातार बढ़ता कर्ज का बोझ, प्रौढ़ नागरिकों की बढ़ती जनसंख्या के चलते सरकार के खजाने पर बढ़ता आर्थिक बोझ, बजट में वित्तीय घाटे की समस्या, बेरोजगारी की समस्या, आदि कुछ ऐसी आर्थिक समस्याएं हैं जिनका हल विकसित देश बहुत अधिक प्रयास करने के बावजूद भी नहीं निकाल पा रहे हैं एवं इन देशों का सामाजिक तानाबाना भी छिनभिन्न हो गया है। पूंजीवादी अर्थव्यवस्था के अंतर्गत चूंकि व्यक्तिवाद हावी रहता है अतः स्थानीय समाज में विभिन्न परिवारों के बीच आपसी रिश्ते केवल आर्थिक कारणों के चलते ही टिक पाते हैं अन्यथा शायद विभिन्न परिवार एक दूसरे से रिश्तों को आगे बढ़ाने में विश्वास ही नहीं रखते हैं। कई विकसित देशों में तो पति-पत्नि के बीच तलाक की दर 50 प्रतिशत से भी अधिक हो गई है। अमेरिका में तो यहां तक कहा जाता है कि 60 प्रतिशत बच्चों को अपने पिता के बारे में जानकारी ही नहीं होती है एवं केवल माता को ही अपने बच्चे का लालन-पालन करना होता है, जिसके कारण बच्चों का मानसिक विकास प्रभावित हो रहा है एवं यह बच्चे अपने जीवन में आगे नहीं बढ़ पा रहे हैं, समाज में हिंसा की दर बढ़ रही है तथा वहां की जेलों में कैदियों की संख्या में तीव्र वृद्धि देखी जा रही है। इन देशों के नागरिक अब भारत की ओर आशाभारी नजरों से देख रहे हैं एवं उन्हें उम्मीद है कि उनकी आर्थिक एवं सामाजिक क्षेत्र की विभिन्न समस्याओं का हल भारतीय सनातन संस्कृति में से ही निकलेगा। अतः इन देशों के नागरिक अब भारतीय सनातन संस्कृति की ओर भी आकर्षित हो रहे हैं। भारत में वर्ष 1947 में राजनैतिक स्वतंत्रता प्राप्ति के पश्चात कुछ हद्द तक वामपंथी नीतियों का अनुसरण करते हुए भारतीय अर्थव्यवस्था को विकास की राह पर ले जाने का प्रयास किया गया था। परंतु, वामपंथी विचारधारा पर आधारित आर्थिक नीतियों ने बहुत फलदायी परिणाम नहीं दिए अतः बहुत लम्बे समय तक यह नीतियां आगे नहीं बढ़ सकीं। हालांकि बाद के खंडकाल में तो वैश्विक स्तर पर वामपंथी विचारधारा ही धराशायी हो गई एवं सोवियत रूस कई टुकड़ों में बंट गया। आज तो रूस एवं चीन सहित कई अन्य देश जो पूर्व में वामपंथी विचारधारा पर आधारित आर्थिक नीतियों को अपना रहे थे, ने भी पूंजीवादी विचारधारा पर आधारित आर्थिक नीतियों को अपना लिया है। भारत का इतिहास वैभवशाली रहा है एवं पूरे विश्व के आर्थिक पटल पर भारत का डंका बजा करता था। एक ईसवी से लेकर 1750 ईसवी तक वैश्विक व्यापार में भारत की हिस्सेदारी 32 प्रतिशत के आसपास बनी रही है। उस समय पर भारतीय आर्थिक दर्शन पर आधारित आर्थिक नीतियों का अनुपालन किया जाता था। मुद्रा स्फीति, बेरोजगारी, ऋण का बोझ, वित्तीय घाटा, बुजुर्गों को समाज पर बोझ समझना, बच्चों का हिंसक होना, सामाजिक तानाबाना छिनभिन्न होना आदि प्रकार की समस्याएं नहीं पाई जाती थीं। समाज में समस्त नागरिक आपस में भाईचारे का निर्वहन करते हुए खुशी खुशी अपना जीवन यापन करते थे। प्राचीन काल में भारत के बाजारों में विभिन्न वस्तुओं की पर्याप्त उपलब्धता पर विशेष ध्यान दिया जाता था, जिसके चलते मुद्रा स्फीति जैसी समस्याएं उत्पन्न ही नहीं होती थी। ग्रामीण इलाकों में कई ग्रामों को मिलाकर हाट लगाए जाते थे जहां खाद्य सामग्री एवं अन्य पदार्थों की पर्याप्त उपलब्धता रहती थी, कभी किसी उत्पाद की कमी नहीं रहती थी जिससे वस्तुओं के दाम भी नहीं बढ़ते थे। बल्कि, कई बार तो वस्तुओं की बाजार कीमत कम होती दिखाई देती थी क्योंकि इन वस्तुओं की बाजार में आपूर्ति, मांग की तुलना में अधिक रहती थी। माननीय वित्तमंत्री महोदय को भी देश में मुद्रा स्फीति को नियंत्रित करने के लिए बाजारों में उत्पादों की उपलब्धता पर विशेष ध्यान देना चाहिए न कि ब्याज दरों को बढ़ाकर बाजार में वस्तुओं की मांग को कम किए जाने का प्रयास किया जाए। विकसित देशों द्वारा अपनाई गई आधुनिक अर्थशास्त्र की यह नीति पूर्णत असफल होती दिखाई दे रही है और इतने लम्बे समय तक ब्याज दरों को ऊपरी स्तर पर रखने के बावजूद मुद्रा स्फीति की दर वांछनीय स्तर पर नहीं आ पा रही है। भारत को इस संदर्भ में पूरे विश्व को राह दिखानी चाहिए एवं आधुनिक अर्थशास्त्र के मांग एवं आपूर्ति के सिद्धांत को बाजार में वस्तुओं की मांग कम करने के स्थान पर वस्तुओं की आपूर्ति को बढ़ाने के प्रयास होने चाहिए अर्थात आपूर्ति पक्ष पर विशेष ध्यान दिया जाना चाहिए। इससे मुद्रा स्फीति तो कम होगी ही परंतु साथ ही अर्थव्यवस्था में विकास की दर भी और तेज होगी क्योंकि वस्तुओं की आपूर्ति बढ़ते रहने से विनिर्माण इकाईयों में गतिविधियां बढ़ेंगी, रोजगार के नए अवसर निर्मित होंगे। परंतु यदि वस्तुओं की मांग में कमी करते हुए मुद्रा स्फीति को नियंत्रित करने के प्रयास होंगे तो उत्पादों की मांग में कमी होने के चलते उत्पादों का निर्माण कम होने लगेगा, विनिर्माण इकाईयों में गतिविधियां कम होंगी एवं देश में बेरोजगारी की समस्या बढ़ेगी। मांग में कमी करने के प्रयास सम्बंधी सोच ही अमानवीय है। इसी प्रकार, प्राचीन भारत में ग्रामीण इलाकों में कृषि क्षेत्र के साथ ही कुटीर एवं लघु उद्योगों पर विशेष ध्यान दिया जाता था। कई ग्रामों को मिलाकर हाट लगाए जाते थे, इन कृषि उत्पादों के साथ ही इन कुटीर एवं लघु उद्योगों में निर्मित उत्पाद भी बेचे जाते थे। अतः ग्रामीण इलाकों से शहरों की पलायन नहीं होता था तथा नागरिकों को रोजगार के अवसर ग्रामीण इलाकों में ही उपलब्ध हो जाते थे। आज की परिस्थितियों के बीच कृषि क्षेत्र तथा सूक्ष्म, लघु एवं मध्यम उद्योगों को बढ़ावा दिया जाना चाहिए ताकि ग्रामीण इलाकों में ही रोजगार के अधिक से अधिक अवसर निर्मित हो सकें। जनता पर करों के बोझ को कम करने के सम्बंध में भी विचार होना चाहिए। भारत के प्राचीन शास्त्रों में कर सम्बंधी नीति का वर्णन मिलता है जिसमें यह बताया गया है कि राज्य को जनता पर करों का बोझ उतना ही डालना चाहिए जितना एक मधुमक्खी फूल से शहद निकालती है। अर्थात, जनता को करों का बोझ महसूस नहीं होना चाहिए।

अतः वित्तीय वर्ष 2024-25 वर्ष के लिए प्रस्तुत किए जाने बजट में भी आवश्यक वस्तुओं पर लागू करों की दरों को कम करने के प्रयास होने चाहिए। साथ ही, मध्यमवर्गीय परिवारों को भी करों में छूट देकर कुछ राहत प्रदान की जानी चाहिए ताकि उनकी उत्पादों को खरीदने के क्षमता बढ़े। इससे अंततः अर्थव्यवस्था को ही लाभ होता है। मध्यमवर्गीय परिवारों की खरीद की क्षमता बढ़ने से विभिन्न उत्पादों की मांग बढ़ती है और अर्थव्यवस्था का चक्र और अधिक तेजी से घूमने लगता है। यदि किसी देश में अधिक से अधिक आर्थिक व्यवहार औपचारिक अर्थव्यवस्था के अंतर्गत किए जाते हैं और अर्थव्यवस्था का चक्र भी तेज गति से घूम रहा है तो ऐसी स्थिति में करों के संग्रहण में भी वृद्धि दर्ज होती है। अतः कई बार करों की दरों में कमी किए जाने के बावजूद कर संग्रहण अधिक राशि का होने लगता है। कुल मिलाकर यह कहा जा सकता है कि माननीया वित्त मंत्री जी के पास वित्तीय वर्ष 2024-25 के लिए प्रस्तुत किए जाने वाले बजट के रूप में एक अच्छा मौका है कि भारतीय आर्थिक दर्शन के अनुरूप आर्थिक नीतियों को लागू कर पूरे विश्व को पूर्व में अति सफल रहे भारतीय आर्थिक दर्शन के सम्बंध में संदेश दिया जा सकता है।

# ब्रिटेन की नई हुकूमत के समक्ष चुनौतियों की भरमार?

डॉ. रमेश ठाकुर



ब्रिटेन के चुनाव परिणामों ने अचानक मौसम गर्मा दिया है। वहां राजनीति इतिहास का नया पन्ना लिखा जाएगा, क्योंकि सियासत की नई सुबह का आगाज हुआ है। चुनाव का ऐसा रिजल्ट, जिसकी कल्पना तक किसी ने नहीं की थी। सत्ता पक्ष और विपक्ष दोनों ने भी नहीं सोचा होगा। ब्रिटेन वासियों ने तकरीबन-तकरीबन एक तरफा फैसला विपक्ष के हक में सुना डाला। चुनाव में विजय हासिल करने वाली 'लेबर पार्टी' ने ब्रिटेन के सियासी इतिहास में पूर्व में जीत के सभी रिकॉर्ड तोड़ डाले हैं। रिजल्ट देखकर पार्टी प्रमुख 'कीर स्टार्मर' फूले नहीं समा रहे। समाना चाहिए भी नहीं? आखिर उनका सपना जो सच हो रहा है। प्रधानमंत्री का ताज उनके सिर पर सजेगा। ब्रिटेनी नेशनल असेंबली में अभी तक वह नेता विपक्ष की भूमिका में थे। विपक्ष के तौर पर उन्होंने जो जनकल्याणी मुद्दे कुरेदे। उनको देशवासियों ने पसंद किया, काफी प्रभावित और आकर्षित भी हुए। चुनावी समर में उन्होंने जनता से जो जमीनी वादे किए, उन्हें लंदन के मतदाताओं ने सिर आंखों पर उठाया। जनता ने आंख मूंदकर विश्वास किया। फिलहाल उन सभी वादों को पूरा करने की जिम्मेदारी अब नए सरताज के कंधों पर है। चुनौतियां हजार हैं, लेकिन उन्हें खुद पर उम्मीद है कि चुनौतियों का सामना कर लेंगे। भारत के लिहाज से ऋषि सुनक की हार अच्छी नहीं है। क्योंकि प्रधानमंत्री रहते उनका मंदिरों में जाना, पूजा-अर्चना करना, हिंदू-हिंदुत्व की बातें करना, ये सब सनातनी प्रचार का हिस्सा माना जाता था। शायद ऐसा करना उनके लिए नुकसानदायक साबित हुआ हो। ब्रिटेन में बड़ी संख्या में भारतीय मूल के लोग रहते हैं। अफसोस इस बात का है कि उन्होंने भी ऋषि सुनक से किनारा कर लेबर पार्टी को वोट किया। भारतीयों ने ऋषि सुनक को क्यों नकारा इसकी समीक्षा लंदन से लेकर भारत में खूब हो रही है। प्रधान मंत्री ऋषि सुनक बेशक अपनी संसदीय 'नॉर्थलेरटन' सीट से जीते हों। पर, बहुत कम अंतर से? उनकी समूची पार्टी बुरी तरह से हारी है। विपक्ष की ऐसी सुनामी जिसमें मानो सत्तापक्ष असहाय होकर बह गया हो। ऋषि सुनक भी मात्र 23,059 वोटों से ही जीते हैं। वरना, शुरुआती रुझानों में उनकी भी हालत पतली थी। दो राउंड तक पीछे रहे। ताज्जुब वाली बात ये है कि 'नॉर्थलेरटन' वह क्षेत्र है, जहां सुनक स्वयं रहते हैं और भारतीयों की संख्या भी अच्छी-खासी है। बकायदा उनके घर मंगलवार को हनुमान चालीसा का पाठ होता है, लोग शामिल होते हैं। इसके अलावा भारतीय तीज-त्यौहारों पर लोगों को जुटना होता हैं। ऐसे मौकों पर तरह-तरह के भारतीय व्यंजन पकते हैं। पर वो लोग-समर्थक भी उनसे झिटक गए। ऋषि के ज्यादातर मंत्री और पार्टी के वरिष्ठ प्रमुख नेता भी चुनाव में चित हो गए। कईयों की तो जमानतें भी जब्त हुई हैं। लंदन और भारत के मौजूदा चुनावों ने एक बात ये बता दी है कि मतदाताओं के मिजाज को पढ़ना अब आसान नहीं? कोई नेता या दल इस मुगालते में न रहे हैं कि फला समुदाय या मतदाता उनका है? बहरहाल, ब्रिटेन में आए चुनाव नतीजे एग्जिट पोल के मुताबिक ही रहे। कुल सीटें 650 हैं जिनमें एग्जिट पोल में लेबर पार्टी को 410 सीट मिलने का अनुमान था। कमोबेश, फाइनल नतीजे उसके आसपास ही रहे हैं। आए नतीजों को देखकर लेबर पार्टी चमत्कार मान रही है। जैसे, दिल्ली विधानसभा चुनाव नतीजों को देखकर खुद अरविंद केजरीवाल हक्के-बक्के रह गए थे। ब्रिटेन चुनावों की सूनामी में ऋषि सुनक की कंजर्वेटिव पार्टी की एकदम उड़ गई।

लेबर पार्टी ने 650 सीटों में से 400 पार के साथ 14 साल बाद प्रचंड वापसी की है। ब्रिटेन में चार जुलाई को आम चुनाव हुए थे। चुनावी मुद्दे कुछ ऐसे थे, जिनमें ऋषि सुनक घिर गए थे। दो प्रमुख मसले जिसमें पहला कोरोना में व्यवस्थाओं का चरमराना, वहीं दूसरा देश की अर्थव्यवस्था का ग्राफ नीचे खिसक जाना? इन दोनों मुद्दों को लेबर पार्टी ने अपना चुनावी कैंपेन बनाया था। भारत के साथ मित्रता और देशवासियों के हितों की अनदेखी करने का मुद्दा भी लंदन के चुनाव में खूब उछला। बहरहाल, ब्रिटेन की नई हुकूमत के साथ हमारे संबंध कैसे होंगे? इस सवाल के अलावा बड़ा सवाल यह खड़ा हो चुका है कि आखिर भारतीयों का सुनक के प्रति मोहभंग हुआ क्यों? ऋषि के भारतीय मूल के होने पर प्रवासी भारतीयों को उन पर गर्व होता था। पर, जब वोटिंग का समय आया, तो ऐसा प्रतीत हुआ कि भारतीयों ने इमोशनल एंगल की जगह बदलने के लिए मतदान किया। दरअसल इसे कंजर्वेटिव पार्टी के नेतृत्व वाली सरकार के 14 साल के शासन से उपजी निराशा मानी जा रही है। वैसे, दिल पर लेने की जरूरत इसलिए भी नहीं है, राजनीति में हार-जीत कोई बड़ी बात नहीं? बदलाव होते रहते हैं और होने भी चाहिए? किसी एक व्यक्ति या दल के पास सत्ता की चाबी ज्यादा समय तक जनता रखना भी नहीं चाहती। हमारे यहां संपन्न हुए लोकसभा चुनाव में भी दुनिया ने चमत्कारी बदलाव देखें? हालांकि, प्रधानमंत्री ऋषि सुनक ने हार स्वीकार करते हुए लंदन वासियों से माफी मांगते हुए लेबर पार्टी के नेता 'कीर स्टार्मर ब्रिटेन' के अगले शासक बनने के लिए दिल खोलकर बधाई दी है। राजनीतिक लोगों में ऐसे नैतिकता हमेशा रहनी चाहिए। निसंदेह लेबर पार्टी के लिए ये जीत करिश्माई है। उम्मीदों को सच करने वाली, अभिलाषाओं को जीवित करने वाली और नए इतिहास और संविधान को स्थापित करने वाली है। नई सरकार पर उम्मीदों का पहाड़ है। चर्मराई अर्थव्यवस्था को फिर से पटरी पर लाने की चुनौती के अलावा विभिन्न देशों के साथ संबंध सुधारने की परीक्षा। पनपते नए किस्म के आतंकवाद से निपटना, अमेरिका की बिलावजह दखलदांजी को रोकना, उर्जा श्रोत्रों को स्थानीय स्तर पर खोजना, गैस और प्राकृतिक संसाधनों का उत्सर्जन करना, यूक्रेन-रूस युद्ध के बाद बिगड़े कई मुल्कों से संबंधों को फिर से नई धार देना। भारत के साथ मधुर हुए संबंधों को यथावत रखना किसी चुनौती से कम नहीं होगा। हालांकि स्टॉर्मर ने अपने पहले विजयी भाषण में सिर्फ अपने मुल्कवासियों को संदेश दिया है जिसमें उन्होंने कहा है कि 'मैं आपकी आवाज बनूंगा, आपका साथ दूंगा, हर दिन आपके लिए लड़ूंगा। उनके कहे उन शब्दों पर जनता ने खूब तालियां बजाई हैं। लंदन का एक तिहाई समर्थन उनके पक्ष में है। इस जनादेश और जनसमर्थन को सहेजना भी कठिन परीक्षा जैसा रहेगा।

छत्तीसगढ़ के 30 हजार स्कूलों की मरम्मत के लिए जारी हुए थे 2,000 करोड़ रुपये

# स्कूल जतन योजना में भ्रष्टाचार की होगी जांच

**मीडिया ऑडीटर, रायपुर (एजेंसी)।** भूपेश बघेल सरकार के कार्यकाल में जर्जर स्कूल भवनों की मरम्मत के लिए शुरू हुई 'स्कूल जतन योजना' में भ्रष्टाचार की जांच होगी। इसके तहत प्रदेश के 30 हजार स्कूलों में अतिरिक्त कक्षा निर्माण, जर्जर भवनों की मरम्मत आदि के लिए 2,000 करोड़ रुपये जारी किए गए। सरकार को लगातार शिकायत मिल रही थी कि भवन मरम्मत के नाम पर सिर्फ खानापूर्ति हुई। सरकार द्वारा कराई गई प्राथमिक जांच में सामने आया है कि छह हजार से अधिक स्कूलों में जीर्णोद्धार और अतिरिक्त कमरों के निर्माण का कार्य शुरू ही नहीं हुआ।



ऐसे स्कूलों की संख्या भी काफी अधिक है जिनमें काम पूरा होना बताया गया परंतु काम हुए ही नहीं। कई स्कूलों में निर्माण की गुणवत्ता खराब पाई गई है। पिछले दिनों स्कूल शिक्षा विभाग की समीक्षा में मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने जांच के निर्देश दिए थे। अब स्कूल शिक्षा सचिव सिद्धार्थ कोमल परदेसी ने प्रदेश के सभी कलेक्टरों को पत्र लिखकर 15 दिन में रिपोर्ट मांगी है।

स्कूल शिक्षा सचिव के निर्देश सचिव परदेसी ने पत्र में लिखा है कि डीएम द्वारा स्वीकृत किए गए कार्यों के औचित्य, उसकी वास्तविक आवश्यकता, पूर्ण अथवा प्रगतिरत कार्यों की गुणवत्ता और वास्तविक लागत की जांच की जाए। यह सुनिश्चित हो कि निर्धारित निर्माण एजेंसी द्वारा ही कार्य किया जा रहा है। कार्यों की गुणवत्ता की जांच विशेषज्ञ समिति करे। जांच में गड़बड़ी मिलते ही कड़ी कार्रवाई सुनिश्चित की जाए व निर्धारित अवधि में रिपोर्ट लोक शिक्षण संचालनालय के संचालक को दी जाए।

## पत्नी के हाथ का पंजा काटने वाला पति भुगतेगा 10 साल की सजा



**मीडिया ऑडीटर, बिलासपुर (एजेंसी)।** धारदार हथियार से पत्नी का दाहिने हाथ का पंजा काटकर अलग करने वाले पति को निचली अदालत ने 10 साल की सजा और 1,200 रुपये जुर्माना ठोका है। जुर्माने की राशि जमा ना करने पर सात महीने अतिरिक्त सजा भुगतनी पड़ेगी। कोर्ट ने अपने फैसले में इसे गंभीर प्रकृति का अपराध माना है। पीड़िता को तीन लाख रुपये क्षतिपूर्ति का आदेश भी दिया है।

मामले की सुनवाई षष्ठम अपर सत्र न्यायाधीश के कोर्ट में हुई। कोर्ट ने अपने फैसले में कहा है कि आरोपित प्रशांत लाल उर्फ मोंटू को भारतीय दंड संहिता की धारा-459, 506, 307 के आरोप में दोषसिद्ध किया जाता है। आरोपित के विरुद्ध प्रमाणित पाये गये अपराध की प्रकृति और उसके स्वरूप को देखते हुए आरोपित को परिवीक्षा अधिनियम का लाभ दिया जाना उचित प्रतीत नहीं हो रहा है। कोर्ट ने अलग-अलग धाराओं में फैसला सुनाया है। भादवि की धारा 459 के तहत 10 साल की सजा और 500 रुपये जुर्माना व तीन महीने की सजा, भादवि की धारा 506 के तहत दो साल की सजा, 200 रुपये जुर्माना पटाना होगा। जुर्माने की राशि ना पटाने पर एक महीने की अतिरिक्त सजा, भादवि की धारा 307 के तहत 10 साल की सजा, 500 रुपये जुर्माना व तीन महीने की सजा का फैसला सुनाया है। कोर्ट ने अपने फैसले में यह भी कहा कि सभी सजा एक साथ चलेगी। जुर्माना की राशि जमा ना करने पर सात महीने की अतिरिक्त सजा भुगतनी होगी।

**पीड़िता को क्षतिपूर्ति मुआवजा:** निचली अदालत ने पीड़िता के प्रति संवेदना दिखाते हुए अपने फैसले में कहा है कि हमले में पीड़िता 50 प्रतिशत दिव्यांग हो गई है। शारीरिक रूप से अक्षम होने के कारण क्षतिपूर्ति के रूप में तीन लाख रुपये देने के निर्देश जिला विधिक सेवा प्राधिकरण को दिया है। इस संबंध में अग्रिम कार्यवाही के लिए निर्णय की एक प्रति सचिव, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, बिलासपुर को प्रेषित करने के निर्देश दिए हैं।

**क्या है मामला:** ज्योति रानी जगत का विवाह आरोपित प्रशांत लाल उर्फ मोंटू से सात जुलाई 2021 को फास्टरपुर मुंगेली में हुआ था। विवाह के दो-तीन माह बाद उनके मध्य विवाद होने से आहत ज्योति रानी अपने मायके ग्राम कपसिया कला चली गई थी। इसके बाद कुटुम्ब न्यायालय में भरण-पोषण के लिए मामला प्रस्तुत की थी। 13 फरवरी 2023 को आरोपित प्रशांत लाल उर्फ ने मोबाइल फोन पर गाली-गलौज करते हुए कुटुम्ब न्यायालय के प्रकरण को वापस लेने के लिए ज्योति रानी जगत एवं उसके परिवार को जान से मारने की धमकी दी। इसकी शिकायत कोटा थाना में ज्योति ने की थी। पुलिस ने प्रशांत को समझाइश देकर छोड़ दिया था।

13 फरवरी 2023 को ही रात्रि 10.30 बजे आरोपित प्रशांत लाल ने ज्योति रानी जगत के घर के दरवाजा तोडकर गंदी-गंदी गालियां देते हुए न्यायालय के मामले को वापस लेने के लिए दबाव बनाया। विवाद बढ़ने पर धारदार हथियार से ज्योति पर हमला कर दिया। इससे ज्योति का बाएं हाथ का पंजा कटकर अलग हो गया। दाहिने हाथ के अंगूठे व जांघ में भी गंभीर चोटें आई। ज्योति की शिकायत पर पुलिस ने आरोपित प्रशांत लाल के विरुद्ध भादवि की धारा 452, 294, 506, 323 के तहत जुर्म पंजीबद्ध कर लिया।

## चलती कार के विंडो से सिर बाहर निकालकर स्टंटबाजी



### पुलिस ने की कार्रवाई तो कान पकड़कर स्टंटबाजों ने मांगी माफी

**मीडिया ऑडीटर, भिलाई (एजेंसी)।** सेंट्रल एवेन्यू पर शराब के नशे में स्टंटबाजी करते हुए कार चलाते वाले दो युवकों का पुलिस ने पीछा कर पकड़ा। दोनों आरोपित चलती कार के विंडो से सिर बाहर निकालकर स्टंटबाजी कर रहे थे। उन पर पुलिस की नजर पड़ी तो उनका पीछा कर के उन्हें पकड़ा। पुलिस के हत्थे चढ़ने के बाद दोनों आरोपित कान पकड़कर माफी मांगते नजर आए। भिलाई नगर पुलिस ने आरोपितों के खिलाफ प्राथमिकी कर उनके वाहन को जब्त किया है।

पुलिस ने बताया कि रविवार की देर रात करीब 12.30 बजे एक कार क्रमांक सीजी-10 एफए 4205 सेंट्रल एवेन्यू से गुजर रही थी। कार के दोनों विंडो खुले हुए थे और उनमें सवार दो युवक विंडो से बाहर सिर निकालकर स्टंटबाजी कर रहे थे। ग्लोब चौक के पास तैनात भिलाई नगर पुलिस की पेट्रोलिंग पार्टी ने उन्हें देखा तो दौड़ाकर उनका पीछा किया और उन्हें पकड़ा।


उनकी जांच करने पर दोनों कार सवार युवक शराब के नशे में थे। रामनगर मुक्तिधाम के पास रहने वाला आरोपित राकेश कुमार साहू (27) कार चला रहा था और गुरुनानक नगर शारदा विद्यालय के पास वैशाली नगर निवासी दिलीप भोगाड़े (26) बगल में बैठा था। पुलिस ने दोनों आरोपितों के खिलाफ प्राथमिकी की और उनके वाहन को जब्त किया है। वाहन का प्रकरण तैयार कर न्यायालय में पेश किया जाएगा।

सामने आई बेबीलोन होटल हत्याकांड की पूरी कहानी

## गर्लफ्रेंड की गला दबाकर की हत्या, जिंदा तो नहीं दो बार देखने होटल पहुंचा था ब्वॉयफ्रेंड

**मीडिया ऑडीटर, रायपुर (एजेंसी)।** सामने आई बेबीलोन होटल हत्याकांड की पूरी कहानीज गर्लफ्रेंड की गला दबाकर की हत्या, जिंदा तो नहीं दो बार देखने होटल पहुंचा था ब्वॉयफ्रेंड

रायपुर। रायपुर के जेल रोड स्थित बेबीलोन होटल के रूम नंबर 416 में वाणी गोयल की हत्या हुई थी। उसके पुरुष मित्र विशाल ने गला दबाकर उसकी हत्या कर दी थी। इतना ही नहीं वारदात को अंजाम देने के बाद वह वहां से चला गया। लेकिन उसे भरोसा नहीं हुआ तो वह दो बार होटल में आकर युवती के मरने की पुष्टि की। इसके बाद वह आखिरी बार शाम छह बजे होटल से निकल गया। सूरजपुर निवासी विशाल पांच जुलाई को रायपुर आ गया था।घर से निकलते समय उसने अपने भाई से कहा था कि वह या तो वाणी को साथ लेकर आएगा या फिर कुछ कर के आएगा। हालांकि युवती की हत्या के बाद वह खुद रेलवे ट्रैक पर खुदकुशी कर ली। युवती की पीएम रिपोर्ट नहीं आई है। प्रारंभिक जानकारी के अनुसार मरने से पहले काफी संघर्ष हुआ है। वाणी अपने



बचाव के लिए चिल्ला भी रही थी, लेकिन विशाल ने उसका मुंह दबा दिया।

विशाल 5 जुलाई को शिवानंद नगर में रहने वाली अपनी दीदी-जीजा के घर बिना बताए सुबह पहुंचा। जब बहन ने अचानक घर के बारे में पूछा तो उसने जरूरी काम होना बताया और वहां रूका रहा। 6 जुलाई को सुबह 11 बजे विशाल घर से निकला और लगभग 12 बजे होटल के बाहर पहुंचा। विशाल गर्लफेंड वाणी गोयल के आने का इंतजार कर रहा था जो दोपहर लगभग 1.30 बजे आई। वाणी ने ऑनलाइन पेमेंट किया, रूम बुक करवाया, और ब?वॉयफ्रेंड के साथ कमरे में चली गई। शाम 4 बजे के लगभग विशाल होटल से अकेले बाहर निकला, दीदी के घर गया और कपड़े बदले। थोड़ी देर बार विशाल होटल आया और वहां कमरे में गया और 10 मिनट बाद बाहर निकल गया। 20 मिनट बाद वाणी को देखने के लिए फिर होटल पहुंचा और लगभग 6 बजे वहां से निकल गया। इसके बाद होटल के कमरे में वाणी की और विशाल की डेड बॉडी उरकुरा रेलवे ट्रैक पर मिली।

**कैब की मदद से स्वजन पहुंच गए थे होटल:** वाणी का फोन बंद होने के बाद स्वजन परेशान हो गए थे। उन्होंने तत्काल सरस्वती नगर थाने में गुमशुदगी रिपोर्ट दर्ज करवाई। वहीं कैब वाले का पता चलने के बाद वह नौ बजे रात होटल पहुंच गए थे। होटल प्रबंधन को जब वाणी के रुकने के बारे में जानकारी मांगी गई तो उसके द्वारा मना कर दिया गया। इसके बाद रात 11 बजे जब पुलिस की टीम पहुंची तो उन्हें भी जानकारी नहीं दी गई। सुबह चार बजे जब फिर पुलिस पहुंची तब काफी बहस के बाद दरवाजा खुला। रूम में वाणी का शव बिस्तर के नीचे मिला।

**शादी करना चाहता था युवक:**

जानकारी के अनुसार विशाल और वाणी एक दूसरे को पहले से जानते थे। वाणी से विशाल शादी करना चाहता था। लेकिन वाणी उसके साथ दोस्त की तरह रहना चाहती थी। घटना दिनांक को विशाल ने उससे शादी की बात कही और साथ चलने के लिए कहा। वाणी के मना करने पर दोनों के बीच विवाद हो गया। विवाद इतना बढ़ गया कि विशाल ने वाणी का गला दबा दिया। इस दौरान दोनों के बीच काफी संघर्ष भी हुआ। चेहरे और हाथ में भी चोट के निशान मिले हैं।

## बेटा पैदा नहीं कर पाई तो शादी के 18 साल बाद पत्नी को घर से निकाला

**मीडिया ऑडीटर, बिलासपुर (एजेंसी)।** शहर में रहने वाली महिला की शादी 18 साल पहले शादी हुई थी। इस बीच रुपयों को लेकर प%ी को प्रताड़ित किया। बेटी पैदा होने पर मारपीट की। बेटी की ऊंचाई कम होने पर भी ताने मारे। आखिरकार महिला और उसकी बेटी को घर से निकाल दिया। पीड़ित ने इसकी शिकायत महिला थाने में की है। शिकायत पर पुलिस ने जुर्म दर्ज कर मामले को जांच में लिया है।





शहर में रहने वाली महिला की शादी 2006 में कटनी में रहने वाले कैलाश टहलरमानी से हुई थी। महिला ने बताया कि शादी के छह महीने बाद ही पति ने बच्चा पैदा नहीं होने की बात कहते हुए परेशान शुरू कर दिया। साथ ही उसकी झाड़ फूंक कराई । कई बार कहने पर पति उन्हें डाक्टर के पास लेकर गया। वहां बीमारी का पता चलने पर उपचार कराया गया। उपचार के बाद उनकी बेटी हुई। बेटी पैदा होते ही ससुराल वालों ने भी उन्हें परेशान करना शुरू कर दिया। साथ ही व्यवसाय के लिए रुपये मांगना शुरू कर दिया। महिला किसी तरह अपने ससुराल में रह रही थी। इसी बीच उन्हें पता चला कि पति का किसी और महिला से संबंध है। इसके कारण वह महिला और उसकी बेटी को परेशान करता था। उन्होंने इसकी जानकारी मायके वालों को दी। साथ ही ससुराल में भी इसकी जानकारी दी। उसी दिन पति ने मारपीट कर महिला और उनकी 11 साल की बेटी को घर से निकाल दिया। स्वजन की समझाइश का भी कोई असर नहीं हुआ। पीड़ित की शिकायत महिला थाने में की है। इस पर पुलिस ने जुर्म दर्ज कर मामले को जांच में लिया है।

## शराबी दूल्हे की हरकत से नाराज लडकी ने शादी से किया इंकार, लौटाया बारात

**मीडिया ऑडीटर, बैकुंठपुर (एजेंसी)।** शादी में शराब पीना एक दूल्हे को उस वक्त महंगा पड़ गया, जब दुल्हन ने शादी करने से साफ इंकार कर दिया। मामला कोरिया जिले के बैकुंठपुर जनपद के आनी ग्राम का बताया जा रहा है। यहां पर रात पटा के बरदिया गांव में एक बारात आई हुई थी। शराब के नशे में धुत्त दूल्हे को लड़-खड़ाते देख लडकी का पारा गरम हो गया और उसने शादी करने से इंकार कर दिया।

देश भर में शराबी दूल्हो की बैगर शादियो से बारात लौटाने की खबरे लगातार आ रही है। मिली जानकारी के अनुसार, घटना बैकुंठपुर के आनी गांव में बारात पहुंची। जहा मेजबानो ने बारात का धूमधाम से स्वागत किया। किन्तु दूल्हे के विवाह मंडप पहुँचने के दौरान हरकत की वजह से




दुल्हन ने तत्काल ही शादी से इंकार कर दिया।

मिली जानकारी के अनुसार आनी गांव के रहने वाले राम चरण की बेटी की शादी पटना के बरदिया निवासी रामवतार के बेटे रमेश कुमार के साथ तय हुई थी। 09 जुलाई को सुबह बारात बैकुंठपुर के आनी गांव पहुंची, तो लउकी के परिवार वालो ने बारात का स्वागत धूम धाम से किया। जिसके बाद दूल्हा विवाह स्थल पहुंचा। इस दौरान अधिकांश बाराती और दूल्हा नशे में धुत नजर आया। दूल्हे की इस हरकत की वजह से परिजनों के बीच जमकर बहसबाजी भी हुआ।

## आरोपितों पर कार्रवाई नहीं, एसपी से लगाई गुहार



**मीडिया ऑडीटर, बिलासपुर (एजेंसी)।** जान से मारने की धमकी देकर मारपीट करने और महिला का दांत तोड़ने के मामले की शिकायत के बाद भी कार्रवाई नहीं हो रही है। इससे परेशान होकर पीड़ित परिवार के सदस्य एसपी कार्यालय पहुंचकर न्याय की गुहार लगाई है। इस पर एसपी ने संबंधित थाने को कार्रवाई के निर्देश दिए हैं।

बेलगहना थाना क्षेत्र के ग्राम उपका निवासी सीताराम गोंड ने बताया कि 30 जून 2020 को गांव के ही मनोहर, ज्योतिष और ग्वालिन बाई ने किसी बात पर विवाद को लेकर सीताराम उनकी पत्नी प्रेमकुंवर और पुत्री हरकुंवर पर गाली गलौज करते हुए मारपीट की। इससे प्रेमकुंवर का दांत टूट गया। इसकी शिकायत बेलगहना थाने में की गई। शिकायत के चार साल से भी अधिक होने के बाद भी अब तक आरोपितों के खिलाफ कार्रवाई नहीं हो सकी है। पुलिस द्वारा कार्रवाई नहीं करने से आरोपितों के हौसले बुलंद हो गए हैं। बीते सात जुलाई को फिर से आरोपित पीड़ित परिवार के घर घुसकर जान से मारने की धमकी देकर जमकर मारपीट की। इससे पूरा परिवार डरा हुआ है। इस बीच परेशान पीड़ित परिवार एसपी कार्यालय पहुंचा। उन्होंने ज्ञापन में कहा है कि बेलगहना पुलिस थाने के संरक्षण के कारण अब तक आरोपितों के खिलाफ कार्रवाई नहीं हो सकी है। उन्होंने एसपी से न्याय की गुहार लगाई है।

## आजीवन कारावास की सजा भुगत रहे दो लोगों की रिहाई

**मीडिया ऑडीटर, बिलासपुर (एजेंसी)।** हाई कोर्ट की डिवीजन बेंच ने अपने महत्वपूर्ण फैसले में कहा है कि किसी व्यक्ति को केवल रोककर रखने से अपहरण का मामला नहीं बनता। अपहरण की घटना को साबित करने के लिए फिरौती की मांग और जीवन को संकट में डालने का साक्ष्य होना चाहिए। ट्रायल कोर्ट के फैसले को रद करते हुए अपीलकर्ताओं की तत्काल रिहाई का आदेश हाई कोर्ट ने दिया है। अपहरण और फिरौती के आरोप में ट्रायल कोर्ट ने दो लोगों को आजीवन कारावास की सजा सुनाई थी। दोनों अपीलकर्ता वर्तमान में जेल में बंद हैं और सजा काट रहे हैं। कोर्ट के आदेश के बाद अब रिहाई होगी। हाई कोर्ट का यह फैसला न्याय दृष्टांत बन गया है।

रायपुर पुलिस ने एडीजे कोर्ट में चालान पेश किया था, जिसमें बताया गया था कि तीन अप्रैल 2022 को योगेश साहू और नरेंद्र बामार्डे वाहन दिखाने के बहाने भगवंता साहू को अपने साथ एक जगह पर ले गए और अपने कब्जे में रखा। दोनों ने एक ट्रक के बिकने से मिली राशि की मांग उससे की। भगवंता साहू किसी तरह उनकी चंगुल से छूटकर भाग गया। एडीजे कोर्ट रायपुर ने दोनों आरोपितों को धारा 364 ए के तहत 25 मई 2023 को आजीवन कारावास की सजा सुनाई। दोनों आरोपितो ने इस सजा के खिलाफ हाई कोर्ट में अपील की है। मामले की सुनवाई के दौरान चीफ जस्टिस रमेश सिन्हा व जस्टिस सचिन सिंह राजपूत ने अभियोजन पक्ष और अपीलकर्ता को सुना। कोर्ट ने कहा कि अभियोजन पक्ष ट्रायल कोर्ट में यह साबित करने में विफल रहा है कि आरोपितों ने शिकायतकर्ता के जीवन को खतरे में डाला था या जान से मारने की धमकी दी थी। यह भी साबित नहीं होता है कि उन्होंने शिकायतकर्ता को छोड़ने के लिए फिरौती मांगी थी। धारा 364 ए में इसकी पुष्टि होना जरूरी है। केवल अपने पास रोककर रखने से दोष सिद्ध नहीं होता है। कोर्ट ने अपने फैसले में कहा है कि यह फिरौती का मामला नहीं है क्योंकि अपीलकर्ताओं ने उसे अपने पति को छोड़ने के बदले में कोई फिरौती देने के लिए नहीं बुलाया है और यह संभव है कि अपीलकर्ताओं ने गाज़ी खान से शेष राशि प्राप्त करने की योजना बनाई है और इस प्रकार ट्रायल कोर्ट द्वारा निकाले गए निष्कर्ष और नतीजे अनुमान और धारणाओं पर आधारित हैं।

छत्तीसगढ़ के पंजीयन कार्यालयों में नई व्यवस्था

## भूमि-मकान की रजिस्ट्री के समय अब ऑनलाइन भुगतान की सुविधा शुरू

**मीडिया ऑडीटर, रायपुर (एजेंसी)।** छत्तीसगढ़ के सभी पंजीयन कार्यालयों में अब संपत्ति (भूमि-मकान) की रजिस्ट्री कराते समय ऑनलाइन भुगतान की सुविधा शुरू हो गई है। मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय की मंशा और राज्य के पंजीयन विभाग के मंत्री ओपी चौधरी की पहल पर लोगों को एक और नई सुविधा मिलने जा रही है। सभी पंजीयन कार्यालयों में लोगों को अपने भूमि-मकान आदि के एनजीडीआरएस प्रणाली में पंजीयन के समय ऑनलाइन अपाइंटमेंट लेने के पूर्व ही नेटबैंकिंग अथवा यूपीआइ दोनों तरीके से भुगतान करने की सुविधा प्रदान की जा रही है।

**पेपरलेस और फेसलेस पंजीयन की दिशा में सरकार :** ओपी चौधरी पंजीयन विभाग के मंत्री ओपी चौधरी ने बताया कि राज्य के सभी पंजीयन कार्यालयों में एनआइसी द्वारा निर्मित एनजीडीआरएस प्रणाली से दस्तावेजों के पंजीयन का कार्य हो रहा है। ऑनलाइन भुगतान की



सुविधा न होने से पंजीयन शुल्क नगद, चेक तथा डीडी के माध्यम से जमा किया जाता रहा है।

ऑनलाइन शुल्क भुगतान की सुविधा होने से विभाग कैशलेस के साथ पेपरलेस और फेसलेस पंजीयन की दिशा में अग्रसर हो सकेगा, जिसमें आधार आधारित वेरिफिकेशन किया जाकर पक्षकारों को घर बैठे ही संपत्ति के क्रय-विक्रय संबंधी विलेखों के पंजीयन की सुविधा प्रदान की जा सकेगी।

**अभी नगद व आनलाइन दोनों की सुविधा:** पंजीयन विभाग की विशेष सचिव किरण कौशल ने बताया कि विभागीय मंत्री के निर्देश पर पंजीयन विभाग में कई बदलाव किए जा रहे हैं। उनकी मंशा है कि लोगों को अधिक से अधिक सहूलियत मिले। इसलिए फीस की ऑनलाइन भुगतान की व्यवस्था शुरु हो गई है। इसके लिए कर्मियों को भी प्रशिक्षित किया गया है।

प्रारंभिक चरण में आम जनता को किसी भी प्रकार की कठिनाई का सामना न करना पड़े इसके लिए वर्तमान में ऑनलाइन शुल्क भुगतान के साथ नगद अथवा चेक के माध्यम से फीस लिए जाने की व्यवस्था आगामी आदेश तक जारी रहेगी। ऑनलाइन भुगतान होने से पक्षकारों को सुविधा के साथ-साथ पंजीयन कार्यालय के कर्मचारियों को भी कैश हैंडलिंग की समस्या से राहत होगी।

**दस्तावेज लेखकों व अधिवक्ताओं को प्रशिक्षण:** उन्होंने बताया कि दस्तावेज लेखकों, अधिवक्ताओं एवं पंजीयन कार्य से जुडे व्यक्तियों को ऑनलाइन भुगतान के संबंध में आवश्यक जानकारी प्रशिक्षण प्रदाय किया गया है तथा विभाग द्वारा कैशलेश प्रणाली के व्यापक प्रचार प्रसार के लिए अधीनस्थ पंजीयन कार्यालयों के अधिकारियों को निर्देशित किया गया है। विभाग द्वारा ऑनलाइन पेमेंट गेटवे के अतिरिक्त पंजीयन कार्यालयों में स्वाईप मशीनों की स्थापना भी की जा रही है। इससे दस्तावेजों का पंजीयन कराने वाले पक्षकारों को सुविधा होगी।

## मानसून आने के बाद भी छत्तीसगढ़ में झमाझम बारिश का इंतजार

**मीडिया ऑडीटर, रायपुर (एजेंसी)।** छत्तीसगढ़ में इन दिनों मानसूनी तंत्र के प्रभाव से बस्तर क्षेत्र में भारी बारिश हो रही है, हालांकि मध्य छत्तीसगढ़ यानि रायपुर में अपेक्षाकृत कम ही बारिश हो रही है। मौसम विभाग के अनुसार 9, 11 व 12 जुलाई को भी प्रदेश के कुछ क्षेत्रों में भारी बारिश के आसार है, हालांकि मध्य छत्तीसगढ़ में बारिश की गतिविधि कम होगी। अभी तक प्रदेश में सामान्य से 28 प्रतिशत बारिश कम हुई है। मौसम विभाग से मिली जानकारी के अनुसार प्रदेश भर में अभी तक 207 मिमी बारिश हुई है, जबकि वास्तिवक रूप से 286.7 मिमी बारिश होनी चाहिए थी। इस प्रकार सामान्य से 28 प्रतिशत बारिश कम हुई है।

मौसम विज्ञानियों के अनुसार प्रदेश में मौसम का मिजाज अभी ऐसा ही रहेगा और दक्षिण छत्तीसगढ़ में अच्छी बारिश तथा मध्य छत्तीसगढ़ में बारिश की गतिविधि थोड़ी कम रहेगी। मौसम विज्ञानी एचपी चंद्रा ने बताया कि मानसून द्रोणिका जैसलमेर, रायसेन, मंडला, रायपुर, कलिंगपट्टनम और उसके बाद दक्षिण पूर्व की ओर मध्य बंगाल की खाड़ी तक 3.1 किमी ऊंचाई तक फैला है। एक ऊपरी हवा का चक्रीय चक्रवाती परिसंचरण पश्चिम मध्य बंगाल की खाड़ी और उससे लगे दक्षिण तटीय आंध्रप्रदेश के ऊपर 3.1 किमी से 7.6 किमी ऊंचाई तक है।

# प्रधानमंत्री मोदी ने मास्को में 'अज्ञात सैनिक के मकबरे पर श्रद्धांजलि अर्पित की



मॉस्को। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने रूस की दो दिवसीय यात्रा पर मंगलवार को मास्को में 'अज्ञात सैनिक के मकबरे पर श्रद्धांजलि अर्पित की। मोदी यहां रूस के राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन के साथ 22वें भारत-रूस वार्षिक शिखर सम्मेलन में भाग लेने आए हैं। उन्होंने समाधि पर पुष्पांजलि भी अर्पित की। विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता रणधीर जायसवाल ने 'एक्स% पर एक पोस्ट में कहा, ''बहादुरों को भावभीनी श्रद्धांजलि! प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने मास्को में अज्ञात सैनिक के मकबरे पर पुष्पांजलि अर्पित की और वीरता, बलिदान और अदम्य मानवीय साहस को सलाम किया। यूक्रेन पर रूस के आक्रमण की शुरुआत के बाद से मोदी की यह पहली रूस यात्रा है। 'अज्ञात सैनिक का मकबरा मास्को में क्रेमलिन वाल पर स्थित एक युद्ध स्मारक है। इस स्मारक के सामने एक वर्गाकार मैदान में पांच कोण वाला तारा बना हुआ है और उसके केंद्र में अमर ज्योति जलती रहती है। यह वहां पर मौजूद कांस्य शिलालेख को रौशन करती है। यह द्वितीय विश्व युद्ध के दौरान अपनी जान गंवाने वाले सोवियत सैनिकों को समर्पित है।

## मुंबई हिट एंड रन केस, मुख्य आरोपी मिहिर शाह गिरफ्तार

मुंबई। मुंबई बीएमडब्ल्यू हिट एंड रन केस के मुख्य आरोपी मिहिर शाह को मंगलवार दोपहर को गिरफ्तार कर लिया। मिहिर की गिरफ्तारी घटना के करीब 60 घंटे बाद हुई। मिहिर, शिवसेना नेता राजेश शाह का बेटा है। मिहिर को पकड़ने के लिए मुंबई पुलिस ने 11 टीमें बनाई थीं। साथ ही क्राइम ब्रांच को भी शामिल किया। उसके खिलाफ एक लुक आउट सर्कुलर भी जारी किया गया था। इससे पहले वर्ली पुलिस ने पिता राजेश शाह और ड्राइवर राजऋषि राजेंद्र सिंह बीदावत को गिरफ्तार कर किया था। दोनों को 8 जुलाई को शिवड़ी कोर्ट में पेश किया गया था। राजेश ने कोर्ट में जमानत याचिका लगाई थी, जिस पर कोर्ट ने उसे 15 हजार रुपए के बॉन्ड पर जमानत दे दी थी। वहीं, कोर्ट ने ड्राइवर बीदावत की पुलिस कस्टडी 11 जुलाई तक बढ़ा दी है। पुलिस के मुताबिक, बीएमडब्ल्यू जहां से निकली, वहां से मिले सीसीटीवी फुटेज में यह दिखा कि मिहिर शाह ने मरने वाली कावेरी नखवा को 1.5 किलोमीटर तक घसीटने के बाद कार रोकी थी।

## डोडा में सुरक्षाबलों और आतंकियों के बीच एनकाउंटर शुरू

श्रीनगर। जम्मू-कश्मीर के डोडा में सुरक्षाबलों और आतंकियों के बीच एनकाउंटर शुरू हो गया है। एनकाउंटर में 2-3 आतंकियों के फंसे होने की आशंका है। सेना और आतंकियों की तरफ से लगातार फायरिंग हो रही है। जम्मू डिविजन के डोडा में यह एक महीने में चौथा एनकाउंटर है। यहां 12 जून को दो आतंकी हमले हुए थे। इसके बाद 26 जून को एक हमला हुआ था। सभी हमलों के बाद सेना और आतंकियों के बीच एनकाउंटर हुए थे।वहीं सोमवार (8 जुलाई) को आतंकियों ने कठुआ जिले में सेना के वाहन पर हमला किया था, जिसमें जूनियर कमीशंड ऑफिसर समेत 5 जवान शहीद हुए थे जबकि 5 जवान घायल हुए। आतंकियों की तलाशी के लिए ऑपरेशन जारी है।

## कठुआ आतंकी हमले को राष्ट्रपति मुर्मु ने बताया कायरतापूर्ण कृत्य, कहा- कठोर जवाबी कार्रवाई की जानी चाहिए

नई दिल्ली। राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु ने जम्मू-कश्मीर में सेना के काफिले पर हुए आतंकवादी हमले को मंगलवार को 'कायराना हरकत करार दिया। उन्होंने कहा कि इस हमले की निंदा और कड़ी जवाबी कार्रवाई की जरूरत है। राष्ट्रपति मुर्मु ने सोशल मीडिया मंच 'एक्स% पर एक पोस्ट में कहा, ''मेरी संवेदनाएं उन बहादुरों के परिवारों के साथ हैं, जिन्होंने आतंकवाद के खिलाफ चल रही इस लड़ाई में अपना बलिदान दिया है। मैं घायलों के शीघ्र स्वस्थ होने की प्रार्थना करती हूं। राष्ट्रपति ने कहा, '' जम्मू-कश्मीर के कठुआ जिले में सेना के जवानों के काफिले पर आतंकवादियों द्वारा किया गया हमला एक कायरतापूर्ण कृत्य है।


## क्रिमिनल लॉ समवर्ती सूची का विषय, राज्य विधानमंडल संशोधन करने के लिए सक्षम-पी चिदंबरम



नई दिल्ली। देश में 1 जुलाई से लागू हुए तीन नए आपराधिक कानून को लेकर शुरू से ही तहलका मचा हुआ था। इसी बीच तमिलनाडु सरकार ने एक समिति का गठन किया है जो तीनों आपराधिक कानूनों का अध्ययन करेगी और संशोधन करने के संबंध में राज्य सरकार को सिफारिशें करेगी। कांग्रेस के वरिष्ठ नेता पी चिदंबरन ने तमिलनाडु सरकार के इस फैसले का स्वागत किया है। उन्होंने कहा कि आपराधिक कानून समवर्ती सूची का विषय है इसलिए इस कानून को राज्य की विधानसभा भी संशोधन कर सकती है। साथ ही उन्होंने कहा, मैं न्यायमूर्ति (सेवानिवृत्त) श्री के. सत्यनारायणन की एक-व्यक्ति समिति के रूप में नियुक्ति का भी स्वागत करता हूं। मैं समिति से अनुरोध करता हूं कि वह न्यायाधीशों, वकीलों, पुलिस, विधि शिक्षकों, विद्वानों और मानवाधिकार कार्यकर्ताओं सहित सभी हितधारकों के साथ परामर्श करे। पूर्व गृह मंत्री चिदंबरम ने सोशल मीडिया मंच 'एक्स' पर एक पोस्ट में कहा, मैं 1 जुलाई 2024 को लागू हुए तीन आपराधिक कानूनों में राज्य स्तर पर संशोधन का सुझाव देने के लिए समिति गठित करने के तमिलनाडु सरकार के फैसले का स्वागत करता हूं।

## जेलेंस्की को रास नहीं आई मोदी-पुतिन मुलाकात

कीव(एजेंसी)। ज़ेलेंस्की ने एक्स पर एक पोस्ट में कहा कि दुनिया के सबसे बड़े लोकतंत्र के नेता को दुनिया के सबसे खूनी व्यक्ति को गले लगाते देखना एक बड़ी निराशा और शांति प्रयासों के लिए एक विनाशकारी झटका है। यूक्रेन के राष्ट्रपति वलोडिमिर ज़ेलेंस्की ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की दो दिवसीय रूस यात्रा पर तीखी प्रतिक्रिया व्यक्त की और रूसी नेता व्लादिमीर पुतिन के साथ उनकी मुलाकात को भारी निराशा और शांति प्रयासों के लिए एक झटका करार दिया। पीएम मोदी ने सोमवार को मॉस्को के बाहर नोवो-ओगारियोवो में पुतिन के आधिकारिक आवास पर पुतिन के साथ एक अनौपचारिक बैठक की, जो फरवरी 2022 में यूक्रेन पर पूर्ण पैमाने पर आक्रमण शुरू होने के बाद रूस की उनकी पहली यात्रा है। पिछले महीने जी7 शिखर सम्मेलन के मौके पर पीएम मोदी से मुलाकात करने वाले ज़ेलेंस्की ने एक्स पर एक पोस्ट में कहा कि दुनिया के सबसे बड़े लोकतंत्र के नेता को दुनिया के



सबसे खूनी व्यक्ति को गले लगाते देखना एक बड़ी निराशा और शांति प्रयासों के लिए एक विनाशकारी झटका है। कल रूसी राष्ट्रपति का अभिनंदन करते हुए पीएम मोदी ने उन्हें गले लगा लिया था. दोनों के बीच मित्रता पूर्ण रूप से प्रदर्शित हुई जब उन्होंने चाय पर बातचीत की।

## सीएम नीतीश ने बख्तियारपुर की विभिन्न जगहों पर निर्माणाधीन योजनाओं का किया निरीक्षण




पटना। मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने आज बख्तियारपुर के विभिन्न जगहों पर चलाई जा रही योजनाओं का निरीक्षण किया और तेजी से कार्य पूर्ण करने का निर्देश दिया। मुख्यमंत्री ने बख्तियारपुर प्रखंड के घनसुरपुर स्थित गंगा चैनल के प्रस्तावित लिंक का निरीक्षण किया। घनसुरपुर से सीढ़ी घाट होते हुए रामनगर तक गंगा नदी की धारा को घाट से लिंक करने की कार्य योजना के संबंध में जल संसाधन विभाग के अपर मुख्य सचिव चैतन्य प्रसाद ने मुख्यमंत्री को जानकारी दी। उन्होंने बताया कि घनसुरपुर में पुराने चैनल को मुख्य धारा से जोड़ा जाएगा। घनसुरपुर से सीढ़ी घाट होते हुए रामनगर तक कराए जानेवाले जीर्णोद्धार तथा सुरक्षात्मक कार्यों, वृक्षारोपण, पार्क निर्माण आदि के संबंध में भी उन्होंने मुख्यमंत्री को जानकारी दी। इसके पश्चात् मुख्यमंत्री ने बख्तियारपुर सीढ़ी घाट के पास निर्माणाधीन गंगा घाट एवं पाथ-वे का निरीक्षण किया। जल संसाधन विभाग के अपर मुख्य सचिव चैतन्य प्रसाद ने मुख्यमंत्री को सीढ़ी घाट के समीप पक्का सुरक्षात्मक कार्य, घाट निर्माण एवं पाथ-वे निर्माण के संबंध में विस्तृत जानकारी दी। मुख्यमंत्री ने कहा कि मेरा यहां बचपन बीता है। मैं इसी घाट पर स्नान करता था।

## असम में बाढ़ की समस्या के लिए भाजपा की 'डबल इंजन सरकार ने बहुत कम काम किया है-गोगोई

इंफाल। असम में बाढ़ के कहर के बीच कांग्रेस नेता गौरव गोगोई ने मंगलवार को कहा कि केंद्र और राज्य में भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) की ''डबल इंजन की सरकारों ने इस चिरस्थायी समस्या का समाधान खोजने के लिए पिछले आठ वर्षों के दौरान बहुत कम काम किया। गोगोई ने केंद्रीय जल शक्ति मंत्री से स्थिति का आकलन करने के लिए राज्य का दौरा करने को भी कहा, क्योंकि उनके अनुसार, समस्या के दीर्घकालिक समाधान और महत्वपूर्ण वित्तीय निवेश की आवश्यकता है। गोगोई ने सोशल मीडिया मंच 'एक्स पर पोस्ट किया,।

## कठुआ में 5 जवानों के शहीद होने का बदला लेंगे: राजनाथ

नई दिल्ली। रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने जम्मू-कश्मीर के कठुआ में आतंकवादी हमले में 5 जवानों की मौत पर मंगलवार को 'गहरा दुख व्यक्त किया। वहीं, रक्षा सचिव गिरिधर अरमाने ने कहा कि कठुआ हमले में 5 जवानों की मौत का बदला लिया जाएगा और भारत इसके पीछे की बुरी ताकतों को हराएगा। सोमवार को कठुआ के बदनोटा इलाके में भारी हथियारों से लैस आतंकवादियों ने एक गश्ती दल पर घात लगाकर हमला किया था, जिसमें 5 जवान शहीद हो गए थे और कई घायल हो गए थे। राजनाथ ने सोशल मीडिया मंच 'एक्स पर लिखा, कठुआ (जम्मू-



कश्मीर) के बदनोटा में आतंकवादी हमले में हमारे पांच बहादुर सैनिकों की मौत से मुझे गहरा दुख हुआ है। उन्होंने कहा, शोक संतप्त परिवारों के प्रति मेरी गहरी संवेदनाएं, इस कठिन समय में राष्ट्र उनके साथ मजबूती से खड़ा है। आतंकवाद विरोधी अभियान जारी है। हमारे सैनिक क्षेत्र में शांति और व्यवस्था कायम करने के लिए प्रतिबद्ध हैं। रक्षा मंत्री ने कहा, मैं इस कायरतापूर्ण आतंकवादी हमले में घायल हुए जवानों के शीघ्र स्वस्थ होने की प्रार्थना करता हूं। रक्षा सचिव अरमाने ने भी हमले में 5 बहादुर सैनिकों की मौत पर गहरा दुख जताया। उन्होंने शोक संतप्त परिवारों के प्रति गहरी संवेदना भी व्यक्त की। अरमाने ने कहा, राष्ट्र के प्रति उनकी निस्वार्थ सेवा को हमेशा याद रखा जाएगा। उनके बलिदान का बदला लिया जाएगा और भारत हमले के पीछे की बुरी ताकतों को हराएगा।

## ब्रेक फेल होने से सड़क किनारे बनी झोपड़ी में घुसी बस, 4 की दर्दनाक मौत और 6 घायल

यूपी। उत्तर प्रदेश में हरदोई जिले के माधोगंज क्षेत्र में मंगलवार को एक निजी बस के सड़क किनारे झोपड़ी से टकराने के बाद पलट जाने से 3 महिलाओं समेत 4 लोगों की मौत हो गई और 6 अन्य घायल हो गए। पुलिस सूत्रों ने बताया कि यह घटना शेखवापुर गांव में हुई, जब हरदोई से उन्नाव जा रही बस झोपड़ी से टकराने के बाद पलट गई। उन्होंने बताया कि घटना में झोपड़ी के बाहर चारपाई पर बैठी ननकही (50), आशा (55), मोमिना (40) और सूफियान (15) की मौत हो गई। पुलिस सूत्रों ने बताया कि झोपड़ी की मिट्टी की दीवार गिरने से सभी लोग मलबे में दब गए। उन्होंने बताया कि मशीन की मदद से मलबा हटाया गया और घायलों को अस्पताल ले जाया गया, जहां डॉक्टरों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया। पुलिस सूत्रों ने बताया कि घटना के समय बस में 25 यात्री सवार थे, जिनमें से छह गंभीर रूप से घायल हो गए। उन्होंने बताया कि घायलों को अस्पताल में भर्ती कराया गया है। आपको बता दें कि घटना का पता लगने के बाद से ही स्थानीय पुलिस और प्रशासन के अधिकारी मौके पर मौजूद हैं और राहत एवं बचाव कार्य कर रहे हैं। पुलिस सूत्रों ने बताया कि बताया जा रहा है कि सड़क पर गड्ढे की वजह से बस का शाफ्ट टूट गया, जिसके बाद उसके ब्रेक फेल हो गए और वह झोपड़ी से जा टकराई। उन्होंने बताया कि पुलिस घटना की जांच कर रही है।

## युवाओं को बेरोजगार बनाए रखना मोदी सरकार का एकमात्र मिशन: खरगे

नई दिल्ली। कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे ने आर्थिक विकास दर और रोजगार सृजन से जुड़े कुछ आंकड़ों का हवाला देते हुए मंगलवार को आरोप लगाया कि युवाओं को बेरोज़गार बनाए रखना प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व वाली सरकार का एकमात्र मिशन है। खरगे ने 'एक्स% पर पोस्ट किया, ''मोदी सरकार, भले ही बेरोज़गारी पर सिटी ग्रुप जैसी स्वतंत्र आर्थिक रिपोर्टों को नकार रही हो, पर सरकारी आंकड़ों को कैसे नकारेगी? सच ये है कि पिछले 10 साल में करोड़ों युवाओं के सपनों को चकनाचूर करने की



ज़िम्मेदार केवल मोदी सरकार पर है। उन्होंने कहा, '' ताज़ा आंकड़े इस प्रकार हैं। एनएसएसओ (राष्ट्रीय प्रतिदर्श सर्वेक्षण कार्यालय) के सर्वेक्षण के मुताबिक विनिर्माण क्षेत्र में अनिगमित इकाइयों में सात वर्षों में 54 लाख नौकरियां ख़त्म हो गई हैं। वर्ष 2010-11 में पूरे भारत में 10.8 करोड़ कर्मचारी अनिगमित गैर-कृषि उद्यमों में कार्यरत थे, जो अब 2022-23 में 10.96 करोड़ हो गए हैं, यानी 12 वर्षों में केवल 16 लाख की मामूली वृद्धि है। उनके अनुसार, '' ताज़ा आवधिक श्रम बल सर्वेक्षण (पीएलएफएस) में कहा गया है कि शहरी बेरोज़गारी दर 6.7 प्रतिशत है। मोदी सरकार कर्मचारी भविष्य निधि का डाटा दिखाकर औपचारिक इकाइयों में रोज़गार सृजन का ढ़ोल पीटती है

## दिल्ली-एनसीआर में भारी बारिश, लोगों को उमस भरी गर्मी से मिली राहत

नई दिल्ली। दिल्ली के कई हिस्सों में मंगलवार को भारी बारिश हुई, जिससे लोगों को पिछले कुछ दिनों की उमस भरी गर्मी से राहत मिली। राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र (एनसीआर) के नोएडा और गाजियाबाद में भी भारी बारिश हुई तथा भारतीय मौसम विज्ञान विभाग (आईएमडी) ने अगले पांच दिनों में और अधिक बारिश होने का अनुमान जताया है। तस्वीरों में गाजियाबाद में बारिश के बीच यात्रियों को जाते हुए दिखाया गया है। दिल्ली में बारिश का यह ताजा दौर ऐसे समय में आया है जब लगातार बारिश के कारण शहर में जनजीवन ठप्प हो गया था और बच्चों सहित कम से कम छह लोगों की मौत हो गई थी। दिल्ली में 28 जून को 88 सालों में एक दिन में सबसे ज्यादा बारिश हुई, जिससे शहर में जनजीवन ठप्प हो गया। दिल्ली के कई इलाके कई दिनों तक जलमग्न रहे और लोगों को बिजली और पानी की सुविधा नहीं मिल पाई। भारी बारिश के कारण दिल्ली हवाई अड्डे के टर्मिनल 1 की छत भी गिर गई, जिससे एक व्यक्ति की मौत हो गई। इस बीच, भारी बारिश के कारण उत्तर प्रदेश, दिल्ली एनसीआर और हरियाणा समेत उत्तर भारत में टमाटर की कीमतों में और बढ़ोतरी होगी।

## हाथरस हादसे पर योगी का पहला एक्शन, एसडीएम समेत 6 अफसर सस्पेंड

लखनऊ/ हाथरस। हाथरस हादसे के 7 दिन बाद यूपी सरकार ने पहला एक्शन लिया। एसडीएम, सीओ समेत 6 अफसरों को सस्पेंड कर दिया है। सरकार ने रिपोर्ट के बाद यह कार्रवाई की। एसआईटी ने सोमवार रात सीएम योगी को 900 पेज की रिपोर्ट सौंपी थी सरकार ने 9 पॉइंट पर बयान जारी किया। जिसमें आयोजकों और प्रशासनिक अधिकारियों को लापरवाह बताया गया। लेकिन कहीं भी भोले बाबा का जिक्र नहीं है। इस तरह जिला प्रशासन के बाद सरकार से भी भोले बाबा को क्लीन चिट मिल गई है। उसका नाम एफआईआर में भी नहीं था। जिन अफसरों को सस्पेंड किया गया, उनमें एसडीएम रविंद्र कुमार, सीओ आनंद कुमार के अलावा इंस्पेक्टर आशीष कुमार, तहसीलदार सुशील कुमार और चौकी इंचार्ज कचौरा मनवीर सिंह और पारा चौकी इंचार्ज बृजेश पांडे शामिल हैं। इधर, हाथरस हादसे का मामला सुप्रीम कोर्ट पहुंच गया है। मंगलवार को याचिकाकर्ता वकील विशाल तिवारी से चीफ जस्टिस डीवाई चंद्रचूड़ ने कहा- मैंने कल ही याचिका को लिस्टेड करने का आदेश दिया। याचिका में हादसे की जांच रिटायर्ड जस्टिस की निगरानी में पांच सदस्यीय टीम से कराने की मांग की गई थी। हादसे में साजिश से इनकार नहीं किया जा सकता है। इसकी गहनता से जांच जरूरी है। हादसा आयोजकों की लापरवाही से हुआ। पुलिस और प्रशासन के अधिकारियों ने आयोजन को गंभीरता से नहीं लिया।

## पतंजलि ने 14 प्रोडक्ट्स की बिक्री रोकी

नई दिल्ली। पतंजलि आयुर्वेद लिमिटेड ने बाजार में अपने 14 प्रोडक्ट्स की बिक्री रोक दी है। उत्तराखंड ने अप्रैल में इन प्रोडक्ट्स के मैन्युफैक्चरिंग लाइसेंस सस्पेंड किए थे। पतंजलि ने मंगलवार (9 जुलाई) को सुप्रीम कोर्ट में इसकी जानकारी दी। कंपनी ने जस्टिस हिमा कोहली और संदीप मेहता की बेंच को बताया कि लाइसेंस रद्द होने के बाद 5,606 फ्रेंचाइजी स्टोर्स को 14 प्रोडक्ट्स वापस लेने का निर्देश दिया गया है। साथ ही मीडिया प्लेटफार्म्स से भी प्रोडक्ट्स के विज्ञापन वापस लेने का निर्देश दिया गया है। बेंच ने पतंजलि आयुर्वेद लिमिटेड को दो सप्ताह के भीतर एक एफिडेविट दायर करना का निर्देश दिया है। इसमें कंपनी को बताना है कि क्या सोशल



मीडिया को-ऑर्डिनेटर्स ने इन प्रोडक्ट्स के विज्ञापन हटाने के उनके अनुरोध को स्वीकार कर लिया है और क्या उन्होंने विज्ञापन वापस ले लिए हैं। इस मामले की अगली सुनवाई अब 30 जुलाई को होगी। दरअसल, सुप्रीम कोर्ट ने 14 मई को पतंजलि आयुर्वेद से पूछा था कि जिन 14 प्रोडक्ट्स के लाइसेंस कैंसिल किए गए हैं। उनके विज्ञापन वापस लेने के लिए क्या कदम उठाए गए हैं। कोर्ट ने पतंजलि को एफिडेविट फाइल करने के लिए 3 हफ्ते का वक्त दिया था। सुप्रीम कोर्ट पतंजलि के खिलाफ इंडियन मेडिकल एसोसिएशन की याचिका पर सुनवाई कर रही है, जिसमें पतंजलि पर कोविड वैक्सीनेशन और एलोपैथी इलाज के खिलाफ बदनामी का अभियान चलाने का आरोप लगाया गया है। उत्तराखंड स्टेट लाइसेंस अथॉरिटी ने अप्रैल में सुप्रीम कोर्ट को बताया था कि पतंजलि आयुर्वेद लिमिटेड और दिव्य फार्मेसी के 14 प्रोडक्ट्स के लाइसेंस सस्पेंड कर दिए गए हैं।

## श्रीलंका के खिलाफ वनडे से बाहर रह सकते हैं रोहित-विराट और बुमराह

नई दिल्ली। भारत की युवा क्रिकेट टीम इस समय जिम्बाब्वे दौरे पर पांच टी20 मैचों की सीरीज खेलेगी। इसके बाद टीम इंडिया श्रीलंका के खिलाफ तीन टी20 और तीन वनडे मैचों की सीरीज खेलनी है। टी20 सीरीज जुलाई के आखिरी में होगी। वहीं वनडे सीरीज की शुरुआत 2 अगस्त होगी। पीटीआई की रिपोर्ट के अनुसार वनडे टीम के नियमित कप्तान रोहित शर्मा और विराट कोहली को आराम दिया जा सकता है। भारतीय तेज गेंदबाज जसप्रीत बुमराह को भई वनडे सीरीज से ब्रेक दिया जा सकता है। ऐसा कहा जा रहा है कि, रोहित और विराट ने बोर्ड से लंबा ब्रेक मांगा है। रोहित शर्मा और विराट कोहली दोनों आईपीएल की शुरुआत से लगातार खेल रहे हैं। 37 वर्षीय रोहित ने 6 महीने से ब्रेक नहीं लिया है। उन्होंने दिसंबर जनवरी में दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ टेस्ट सीरीज से लगातार खेला है। उसके बाद अफगानिस्तान के खिलाफ टी20 इंग्लैंड के खिलाफ टेस्ट सीरीज और आईपीएल और टी20 वर्ल्ड कप शामिल है। चैंपियंस ट्रॉफी 2025 का आयोजन पाकिस्तान की धरती पर होना है और इसके लिए टीम इंडिया पीसीबी ने आईसीसी को शेड्यूल भी भेज दिया है। लेकिन अभी टीम इंडिया का वहां जाएगी या नहीं इस पर कुछ भी कन्फर्म नहीं है। बोर्ड के एक सूत्र ने बताया कि चैंपियंस ट्रॉफी से पहले इंग्लैंड के खिलाफ तीन वनडे तैयारी कर लिए काफी है।

## गौतम गंभीर का कोच बनना लगभग तय है

नई दिल्ली। अब जब राहुल द्रविड़ ने टी20 विश्व कप ट्रॉफी के साथ मुख्य कोच के रूप में अपना कार्यकाल समाप्त करके भारतीय ड्रेसिंग रूम को सबसे शानदार तरीके से छोड़ दिया है, तो गौतम गंभीर के कार्यभार संभालने में केवल समय की बात है। सवाल यह है कि कितना समय? जब से द्रविड़ ने टी20 विश्व कप के बाद पद पर बने रहने की अपनी अनिच्छा की पुष्टि की है तब से पूर्व सलामी बल्लेबाज इस भूमिका के लिए सबसे आगे चल रहे हैं। गंभीर, वास्तव में, अशोक मल्होत्रा, जतिन परांजपे और सुलक्षणा नाइक की क्रिकेट सलाहकार समिति द्वारा आयोजित साक्षात्कार प्रक्रिया से गुजरने वाले केवल दो आवेदकों में से थे। दूसरे उम्मीदवार डब्ल्यूवी रमन थे। कई रिपोर्टों से पता चलता है कि गंभीर का भारत का अगला मुख्य कोच बनना निश्चित है।

ऐसे में सवाल ये है कि देरी क्यों हो रही है। पूर्व बाएं हाथ के खिलाड़ी को ईडन गार्डन्स में कोलकाता नाइट राइडर्स के लिए एक विदाई वीडियो शूट करते हुए भी देखा गया था, जो 10 साल बाद उन्हें आईपीएल चैंपियन बनाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाने के बाद फ्रैंचाइजी में उनकी दूसरी पारी के समय से पहले समाप्त होने का संकेत था। यदि चीजें इतनी स्पष्ट हैं, तो बीसीसीआई को अपरिहार्य घोषणा करने में इतना समय क्यों लग रहा है? इसका उत्तर वेतन वार्ता में निहित है।

## अपना आखिरी टेस्ट मैच खेलेंगे जेम्स एंडरसन

नई दिल्ली। इंग्लैंड के दिग्गज गेंदबाज जेम्स एंडरसन बुधवार को अपने टेस्ट करियर का आखिरी मैच खेलने उतरेंगे। साल 2002 में इंग्लैंड के लिए डेब्यू करने वाले जेम्स एंडरसन देश के सबसे कामयाब गेंदबाज हैं। अपने आखिरी टेस्ट मैच में उनके पास दुनिया का सबसे कामयाब तेज गेंदबाज बनने का मौका है। इसके लिए उन्हें 13 विकेट की जरूरत है। लॉर्ड्स में 10 जुलाई से इंग्लैंड और वेस्टइंडीज के बीच पहला टेस्ट मैच खेला जाएगा और ये एंडरसन के करियर का आखिरी टेस्ट मैच होगा। जेम्स एंडरसन ने अब तक 187 टेस्ट मैच खेले हैं जिसमें उनके नाम 700 विकेट हैं। वहीं 194 वनडे में 269 और 19 टी20 में 18 विकेट हैं। अपने करियर के 401वें मैच में एंडरसन ऐतिहासिक प्रदर्शन के साथ विदाई चाहेंगे। एंडरसन 1000 विकेट से अब 13 विकेट दूर हैं। अगर वह आखिरी टेस्ट में 13 विकेट ले लेते हैं। तो वह 1000 विकेट लेने वाले दुनिया के पहले तेज गेंदबाज होंगे। वह फिलहाल टेस्ट 700 विकेट लेने वाले इकलौते तेज गेंदबाज होंगे। वह फिलहाल टेस्ट 700 विकेट लेने वाले इकलौते तेज गेंदबाज हैं। एंडरसन 1000 विकेट के क्लब में शामिल हो जाएंगे। जिसमें श्रीलंका के मुथैया मुरलीधरन और ऑस्ट्रेलिया के शेन वॉर्न शामिल हैं। वहीं मुथैया मुरलीधरन ने अपने अंतरराष्ट्रीय करियर में 1347 विकेट लिए थे।

# अब आखिरी बॉल तक हार नहीं मानते...

## प्रधान मंत्री ने रूस में बताई भारत के टी20 विश्व कप 2024 जीतने की असली कहानी




नई दिल्ली। प्रधान मंत्री नरेंद्र मोदी ने रूस की अपनी दो दिवसीय यात्रा के दौरान मंगलवार को मास्को में उत्साही भारतीयों की भीड़ को संबोधित करते हुए भारत की टी20 विश्व कप 2024 की जीत को याद करते हुए गर्व महसूस किया। पीएम मोदी ने भारत की यादगार जीत की %असली कहानी% साझा करते हुए कहा कि क्रिकेट टीम की सफलता युवा भारतीयों के कभी न हार मानने वाले रवैये को दर्शाती है। भारत ने शनिवार, 29 जून को बारबाडोस में एक रोमांचक फाइनल में दक्षिण अफ्रीका को हराकर टी20 विश्व कप जीता। भारत एक समय मुश्किल में था जब केंसिंग्टन ओवल की अच्छी बल्लेबाजी पिच पर 177 रनों का पीछा करते हुए दक्षिण अफ्रीका को आखिरी गेंदों में सिर्फ 30 रनों की जरूरत थी। हालाँकि, रोहित शर्मा और उनके लोगों ने हार नहीं मानी और आखिरी गेंद फेंके जाने तक संघर्ष किया।

हार्दिक पंड्या, जसप्रित बुमरा और अर्शदीप सिंह की तेज गेंदबाजी तिकड़ी ने आखिरी पांच ओवरों में तेजी लायी और रन प्रवाह को रोककर भारत को 7 रनों से जीत दिलाई और इतिहास रचा। इसी को लेकर पीएम मोदी ने अपने संबोधन के दौरान कहा कि आप सभी ने भारत की टी20 वर्ल्ड कप जीत का जश्न तो जरूर मनाया होगा। आपने मनाया या नहीं? आप सबको गर्व हुआ या नहीं? विश्व कप जीत की ओर एक वास्तविक कहानी और एक रास्ता है। आज का युवा और भारत का युवा आखिरी गेंद और आखिरी क्षण तक हार नहीं मानता। जीत उन कदमों को चूमती है जो हार मानने को तैयार नहीं होते। यह भावना सिर्फ क्रिकेट तक ही सीमित नहीं है बल्कि अन्य खेलों में भी स्पष्ट है। विशेष रूप से, प्रधान मंत्री ने रोहित शर्मा और उनके साथियों के बवंडर प्रभावित बारबाडोस से घर लौटने के बाद नई दिल्ली में नाश्ते के लिए विजयी भारतीय टीम की मेजबानी की। पीएम मोदी ने राजधानी शहर में अपने आधिकारिक आवास पर एक मजेदार बातचीत में क्रिकेटरों को बधाई दी और यादगार अभियान के किस्से सुने।

इस बीच, पीएम मोदी ने यह भी विश्वास जताया कि भारत 26 जुलाई से शुरू होने वाले आगामी पेरिस ओलंपिक में अच्छा प्रदर्शन करेगा। पीएम मोदी की दो दिवसीय रूस यात्रा तीसरा कार्यकाल हासिल करने के बाद यूरोपीय देश की उनकी पहली यात्रा है। रूस के राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन ने सोमवार देर रात पीएम मोदी का स्वागत किया।

## स्मृति मंधाना ने की फैंस से खास अपील

नई दिल्ली। भारतीय महिला टीम मंगलवार को साउथ अफ्रीका के खिलाफ टी20 सीरीज का तीसरा और निर्णायक मुकाबला खेलने उतरेगी। भारत इस सीरीज में 0-1 से पिछड़ रहा है। आखिरी मैच से पहले टीम इंडिया की उपकप्तान स्मृति मंधाना ने अपने फैंस के साथ एक वीडियो शेयर किया जिसमें उन्होंने समर्थन मांगा है। भारतीय क्रिकेट टीम के इंस्टाग्राम अकाउंट से मंधाना का वीडियो शेयर किया गया। मंधाना ने वीडियो में कहा कि, चेन्नई के लोगों अपने टेस्ट मैच और पहले दो टी20 मैचों में हमारा बहुत उत्साह बढ़ाया। दूसरा टी20 में भी काफी लोग स्टेडियम आए थे लेकिन मैच बारिश में धुल गया। हालांकि, अभी हमारे पास एक और मौका है जहां हमारे पास सीरीज में बराबरी करने का मौका है। तो बड़ी संख्या में स्टेडियम



आकर हमें चीयर करें। हमारे लिए आपका समर्थन बहुत जरूरी है। हम स्टेडियम में आपसे मिलते हैं। स्मृति मंधाना के लिए ये साउथ अफ्रीका का ये भारत दौरा काफी अच्छा साबित हुआ है। उन्होंने वनडे सीरीज में 117,136 और 90 रन की पारी खेली। इस सीरीज में मंधाना ने वनडे करियर का पहला विकेट भी झटका है। इसके बाद टेस्ट मैच में भी उन्होंने 149 रन की पारी खेली।

## राहुल द्रविड़ को केकेआर से मिला ऑफर, गौतम गंभीर की जगह लेंगे ?



नई दिल्ली। आईसीसी टी20 वर्ल्ड कप 2024 के खत्म होने के साथ-साथ टीम इंडिया के हेड कोच राहुल द्रविड़ का कार्यकाल भी खत्म हो गया। राहुल द्रविड़ से जब इस बारे में पूछा गया था, तो उन्होंने मजाक में कहा था कि अब मैं बेरोजगार हो जाऊंगा। कोई ऑफर हो तो बताना। द्रविड़ ने ये बात मीडिया से कही थी। ऐसी खबर आ रही है कि द्रविड़ को एक ऑफर मिल भी गया है। न्यूज 18 बांग्ला की खबर के मुताबिक राहुल द्रविड़ से केकेआर टीम ने संपर्क किया है और वे चाहते हैं कि द्रविड़ आईपीएल 2025 में टीम से मेंटॉर के तौर पर जुड़ें। द्रविड़ के कार्यकाल में टीम इंडिया टी20 वर्ल्ड कप 2024 जीती, एशिया कप जीती, वर्ल्ड कप 2023 और वर्ल्ड टेस्ट चैंपियनशिप के फाइनल तक पहुंची। दरअसल, केकेआर के मेंटॉर के तौर पर गौतम गंभीर 2024 में टीम से जुड़े थे, लेकिन ऐसा कहा जा रहा है कि उन्होंने टीम का साथ छोड़ दिया है। भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड ने जब से टीम इंडिया के नए हेड कोच के पद की वेकेंसी निकाली थी, तब से खबरें आ रही थीं कि गंभीर ये रोल ले सकते हैं। गंभीर 2024 में केकेआर के मेंटॉर थे और केकेआर ने खिताब पर कब्जा जमाया था। इसके बाद गंभीर से हेड कोच के पद को लेकर बीसीसीआई की लगातार बात हो रही थी। हाल ही में गंभीर कोलकाता से लौटे, ऐसा गया कहा कि कोलकाता में उनका फेयरवेल हो गया है और जल्द ही बोर्ड ऐला कर देगा कि गौतम गंभीर टीम इंडिया के अगले कोच होंगे। टीम इंडिया टी20 वर्ल्ड कप 2024 का खिताब जीतने के बाद जिम्बाब्वे दौरे पर पांच मैचों की टी20 सीरीजी खेल रही है। इसके बाद टीम इंडिया अगले महीने श्रीलंका दौरे पर जाएगी। फिलहाल जिम्बाब्वे दौरे पर हेड कोच के तौर पर टीम इंडिया के साथ वीवीएस लक्ष्मण गए हैं।

## भारतीय बल्लेबाज सूर्यकुमार यादव पत्नी के साथ उडुपी मंदिर पहुंचे



उडुपी। भारतीय टीम के आक्रामक बल्लेबाज सूर्यकुमार यादव पत्नी दिविशा शेट्टी के साथ मंगलवार को उडुपी जिले के कापू मारिगुडी मंदिर गए और टी20 क्रिकेट विश्व कप जीतने पर विशेष पूजा की। सूर्यकुमार और दिविशा सोमवार को मेंगलुरु पहुंचे थे। उन्होंने हवाई अड्डे पर ही केक काटकर अपनी शादी की आठवीं सालगिरह मनाई थी। दिविशा मूल रूप से दक्षिण कन्नड़ के तटीय क्षेत्र की रहने वाली है। मंदिर के अधिकारियों के अनुसार दिविशा ने भारत के टी20 विश्व कप जीतने पर अपने पति के साथ कापू मारिगुडी मंदिर जाने का संकल्प लिया था। उन्होंने कहा कि सूर्यकुमार और दिविशा ने देवी कापू मरियम्मा को चमेली के फूलों की माला चढ़ाई और परिवार के लिए आशीर्वाद मांगा। इस दौरान दिविशा को मंदिर में तुलु में बात करते देखा गया। सूर्यकुमार ने तुलु में भी बोलने की कोशिश की, जिससे मंदिर के अधिकारियों को सुखद आश्चर्य हुआ। अधिकारियों ने सूर्यकुमार को मंदिर के इतिहास के बारे में भी बताया, जो इस क्षेत्र के सबसे पुराने मंदिरों में से एक है। भारतीय बल्लेबाज को इस दौरान हावेरी जिले में बन रही कापू मरियाम्मा मंदिर की भी जानकारी दी। नये मंदिर को करीब 40 करोड़ रुपये की लागत से बनाया जा रहा है।

# रोहित शर्मा ने किया तिरंगे का अपमान

सोशल मीडिया पर फैंस हुए नाराज

नई दिल्ली। भारतीय क्रिकेट टीम ने हाल ही में बारबाडोस में 29 जून को टी20 वर्ल्ड कप जीता है। इसके बाद से भारतीय टीम और टीम को विजेता बनाने वाले कप्तान रोहित शर्मा का नाम लगातार चर्चा में बना हुआ है। टी20 विश्व कप जीतने से लेकर रिटायरमेंट लेने तक के लिए वो लगातार सुर्खियों में छाए हुए है। अब रोहित शर्मा एक विवाद में घिर गए है और सुर्खियों में बने हुए है। दरअसल सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर रोहित शर्मा ने एक डीपी लगाई है, जिसके कारण वो चर्चा में बने हुए है। रोहित की ये नई प्रोफाइल फोटो पर काफी चर्चा हो रही है। सोशल मीडिया पर फैंस भी इस फोटो को लेकर नाराजगी जाहिर कर रहे हैं जबकि कई लोग रोहित के सपोर्ट में भी आए है। इस फोटो में रोहित शर्मा पर आरोप लगा है कि वो तिरंगे का अपमान कर रहे है। तिरंगे का अपमान करने को लेकर लोगो ने रोहित शर्मा को तिरंगे का सम्मान करने की हिदायत देनी शुरू कर दी है। गौरतलब है कि भारतीय क्रिकेट टीम के कप्तान रोहित शर्मा ने सोशल मीडिया साइट एक्स पर अपनी प्रोफाइल पिक्चर को बदला है। इसके बाद से ही यूजर्स के गुस्से का सामना उन्हें करना पड़ रहा है। नई तस्वीर को देखकर फैंस अधिक खुश नहीं है। फैंस ने रोहित की क्लास लगा दी है। फैंस ने आरोप लगाया है कि रोहित शर्मा ने इस फोटो के जरिए राष्ट्रीय ध्वज तिरंगे का अपमान किया है। दरअसल टी20 विश्व कप विजेता बनने के बाद बारबाडोस के केंसिंग्टन ओवल में रोहित शर्मा ने स्टेडियम में भारतीय झंडा गाड़ा था। इस पल की एक तस्वीर को रोहित ने अपनी प्रोफाइल पिक्चर पर लगाया है। रोहित शर्मा का मकसद था कि क्रिकेट जगत में भारत और भारतीय तिरंगा शान से लहरा रहा है। मगर इससे फैंस को कुछ और ही मिल गया है। तिरंगे का अपमान करना का भले ही रोहित शर्मा की मंशा ना रही हो मगर उनके इस कदम से फैंस काफी नाराज हो गए है। फैंस को इस तरह का व्यवहार भारतीय तिरंगे के साथ करना नागवार गुजरा है। बता दें कि फोटो में तिरंगा जमीन को छूता दिख रहा है। फैंस ने 1971 के राष्ट्रीय सम्मान अपमान रोकथाम अधिनियम का भी हवाला दिया है। इसके अनुसार झंडे को जानबूझकर जमीन या फर्श को छूने या पानी में गिरने नहीं दिया जाना चाहिए। फैंस ने सोशल मीडिया पर रोहित की जमकर क्लास लगाई है। साथ ही इस व्यवहार के लिए उनसे माफी मांगने के लिए भी कहा है।




# संन्यास के बाद वार्नर ने कहा- अगर चैम्पियंस ट्रॉफी की टीम में जगह मिलती है तो खेलने के लिए तैयार हूँ

सिडनी। डेविड वॉर्नर ने अपने अंतरराष्ट्रीय करियर को 'खत्म हुआ अध्याय' करार दिया लेकिन कहा कि अगर चैम्पियंस ट्रॉफी की टीम में उन्हें जगह मिलती है तो वह देश के लिए फिर से खेलने के लिए तैयार होंगे। चैम्पियंस ट्रॉफी का आयोजन अगले साल पाकिस्तान में फरवरी-मार्च के महीने में होने की संभावना है और ऑस्ट्रेलिया के टेस्ट और एकदिवसीय कप्तान पैट कमिंस ने कहा है कि वॉर्नर उनके 'आपातकालीन विकल्प' होंगे। वॉर्नर ने पिछले साल नवंबर में ऑस्ट्रेलिया के विश्व कप जीतने के बाद वनडे से संन्यास ले लिया था, जबकि उनका आखिरी टेस्ट जनवरी में पाकिस्तान के खिलाफ था। उन्होंने अपना आखिरी टी20 अंतरराष्ट्रीय मैच 24 जून को टी20 विश्व कप में भारत के खिलाफ खेला था। वॉर्नर ने सोमवार को इंस्टाग्राम पर लिखा, ''अध्याय खत्म। इतने लंबे समय तक शीर्ष स्तर पर खेलना एक अविश्वसनीय अनुभव रहा है। ऑस्ट्रेलिया मेरी टीम रही है। मेरे करियर का अधिकांश हिस्सा अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट में बिता है। ऐसा करने में सक्षम होना सम्मान की बात है। सभी प्रारूपों में देश के लिए 100 से अधिक मैच खेलना मेरे करियर का मुख्य आकर्षण है।''



उन्होंने कहा, ''मैं कुछ समय तक फ्रेंचाइजी क्रिकेट खेलना जारी रखूंगा और अगर राष्ट्रीय टीम में चयन हुआ तो मैं चैंपियंस ट्रॉफी खेलने के लिए भी तैयार हूं।'' यह पहली बार नहीं है जब वॉर्नर ने 50 ओवर के प्रारूप में खेले जाने वाले इस टूर्नामेंट में भाग लेने की इच्छा जताई है। जनवरी में एकदिवसीय और टेस्ट से संन्यास की घोषणा करते समय भी उन्होंने कहा कि वह चैम्पियंस ट्रॉफी खेलना चाहते हैं। चैम्पियंस ट्रॉफी की आठ साल बाद वापसी हो रही है। कमिंस ने भी तब कहा था, '' यह शायद कुछ और खिलाड़ियों को (एकदिवसीय में) आजमाने का समय है, लेकिन हम सभी जानते है कि वह क्रिकेट खेलना जारी रखेगा।'' उन्होंने कहा था, '' वह आपातकालीन विकल्प हो सकते हैं क्योंकि आप जानते है कि उसके पास कही भी रन बनाने की क्षमता है।'' वह टी20 प्रारूप में 110 मैचों में 33.43 के औसत और 142.47 के स्ट्राइक रेट से 3,277 रन बनाकर ऑस्ट्रेलिया के सर्वोच्च और दुनिया के सातवें सबसे ज्यादा रन बनाने वाले बल्लेबाज है। उन्होंने करियर में योगदान के लिए परिवार, प्रशंसकों और टीम के साथियों को धन्यवाद दिया। वॉर्नर ने कहा, ''मुझे उम्मीद है कि मैंने सभी क्रिकेट प्रशंसकों का मनोरंजन किया है और विशेष रूप से टेस्ट खेलने के तरीके को बदलने में योगदान दिया है। हमने दूसरों की तुलना में थोड़ी रन बनाये है। हम प्रशंसकों के बिना वह नहीं कर सकते जो हम पसंद करते हैं, इसलिए धन्यवाद।'' उन्होंने कहा, '' मैं उन सभी को धन्यवाद कहना चाहता हूं जिन्होंने इसे संभव बनाया है। मेरी पत्नी और मेरी बेटियां जिन्होंने इतना बलिदान दिया, आपके सभी समर्थन के लिए धन्यवाद।'' उन्होंने 2011 से 2024 के बीच 112 टेस्ट मैचों में 44.59 की औसत से 26 शतक और 37 अर्धशतक के साथ 8,786 रन बनाए हैं। उन्होंने 161 वनडे मैचों में 45.30 की औसत से 22 शतक और 33 अर्धशतक की मदद से 6,932 रन भी बनाए।

कमिश्नर ने वीडियो कान्फ्रेंसिंग के माध्यम से प्रशासनिक व्यवस्थाओं तथा विकास कार्यों की समीक्षा की

# अस्पतालों में बायोमेट्रिक उपस्थिति तथा कार्यालयों में व्हाट्सएप ग्रुप के माध्यम से भी इसकी मॉनीटरिंग करें

### कलेक्टर हर शुक्रवार फोन पर जन समस्याओं की करेंगे सुनवाई




**मीडिया ऑडीटर, सतना (निप्र)।** रीवा संभाग के कमिश्नर बीएस जामोद ने वीडियो कान्फ्रेंसिंग के माध्यम से प्रशासनिक व्यवस्थाओं तथा विकास कार्यों के क्रियान्वयन की समीक्षा की। कमिश्नर ने अधिकारियों को निर्देश देते हुए कहा कि शासन द्वारा कार्यालयीन समय सुबह 10 बजे से शाम 6 बजे तक निर्धारित किया गया है। सभी कार्यालयों का सुबह 10 बजे खुलना सुनिश्चित करें। कलेक्टर तथा अन्य अधिकारी कार्यालयों का नियमित रूप से निरीक्षण कर इसे कारगर बनाएं। अस्पतालों में बायोमेट्रिक उपस्थिति तथा कार्यालयों में व्हाट्सएप ग्रुप के माध्यम से भी इसकी मॉनीटरिंग करें। प्रशासन का मुख्य उद्देश्य विकास योजनाओं का क्रियान्वयन और जनकल्याण है। आमजनता की कठिनाईयों को दूर करने के लिए प्रभावी व्यवस्था करें। जन सुनवाई के साथ-साथ कलेक्टर प्रत्येक शुक्रवार को सुबह 11 बजे से 12 बजे तक मोबाइल फोन पर भी आमजनता की समस्याएं सुनकर उनका निराकरण कराएं।

कमिश्नर ने कहा कि सुशासन को ग्राम पंचायत तक सुदृढ़ करें। शासन की योजनाओं का प्रभावी क्रियान्वयन होगा तो सीएम हेल्पलाइन के प्रकरण अपने आप घटेंगे। विभिन्न योजनाओं के लाभ से वंचित होने पर ही सीएम हेल्पलाइन में आमजन शिकायत दर्ज करते हैं। सीएम हेल्पलाइन प्रकरणों के निराकरण के लिए सभी अधिकारी प्रतिदिन प्रयास करें। इसमें यदि कोई प्रकरण बिना किसी कार्यवाही के एल-1 से आगे बढ़ा तो संबंधित पर कार्यवाही करें। सभी कलेक्टर सीएम हेल्पलाइन के लंबित प्रकरणों में से 50 प्रतिशत का 30 दिवस में अनिवार्य रूप से निराकरण कराएं। योजनाओं के प्रभावी क्रियान्वयन के लिए अधिकारियों को हर माह लक्ष्य निर्धारित करें। इसकी पूर्ति के अनुसार अधिकारियों का मूल्यांकन करें। हाल ही में तीन नए कानून एक जुलाई से लागू किए गए हैं। जिले में आयोजित प्रत्येक महत्वपूर्ण आयोजन में नए कानूनों की जानकारी दें। पुलिस, राजस्व तथा अन्य विभाग के अधिकारियों की प्रशिक्षण कार्यशाला आयोजित कर इन कानूनों की जानकारी दें।

बैठक में कमिश्नर ने स्कूल चलें हम अभियान की समीक्षा करते हुए कहा कि शाला जाने योग्य प्रत्येक बच्चे का शाला में प्रवेश सुनिश्चित करें। अभी बच्चों के प्रवेश की स्थिति संतोषजनक नहीं है। कलेक्टर इसकी नियमित समीक्षा करें। शिक्षा की गुणवत्ता में सुधार के लिए निरंतर प्रयास करें। शिक्षा ही विकास की धुरी है। स्कूलों का नियमित संचालन सुनिश्चित करें। सभी जिलों में 14 जुलाई से उत्कृष्ट कालेज भी शुरू हो रहे हैं। इसके लिए सभी व्यवस्थाएं सुनिश्चित कर लें। कमिश्नर ने अधिकारियों को अतिवृष्टि की स्थिति में बाढ़ से राहत और बचाव के लिए समुचित उपाय के निर्देश दिए। कमिश्नर ने कहा कि जिन क्षेत्रों में बाढ़ की आशंका हो वहाँ आवश्यक उपकरणों, नाव तथा बचाव दल की व्यवस्था कर लें। शासन द्वारा हाल ही में एयर एंबुलेंस की सुविधा शुरू की गई है। कलेक्टर और मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी मिलकर आवश्यक होने पर रोगी को तत्काल एयर एंबुलेंस की सुविधा उपलब्ध कराएं। मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी वर्षा जनित रोगों से बचाव के लिए प्रत्येक गांव में आवश्यक दवाओं का भण्डारण कराएं। किसी भी क्षेत्र में उल्टी दस्त या अन्य महामारी का प्रकोप होने पर रैपिड दल से तत्काल उपचार की व्यवस्था कराएं। संयुक्त संचालक पशुपालन 30 जुलाई तक पशुओं का शत-प्रतिशत टीकाकरण सुनिश्चित करें।

कमिश्नर ने कहा कि पूरे संभाग में पशुओं के सड़कों पर विचरण की बड़ी समस्या है। निराश्रित पशुओं को गौशालाओं में भेजने के लिए उचित प्रबंध करें। अधूरी गौशालाओं का निर्माण पूरा कराकर उनका भी संचालन सुनिश्चित करें। निराश्रित गौवंश के लिए आमजनों तथा स्वयंसेवी संस्थाओं के सहयोग से ही उचित व्यवस्था की जा सकती है। कमिश्नर ने कहा कि सभी कलेक्टर कृषि आदान की नियमित समीक्षा करें। सभी जिलों में पर्याप्त मात्रा में बीज और यूरिया खाद उपलब्ध है। किसानों को डीएपी खाद के स्थान पर एसएसपी और एनपीके के उपयोग के लिए प्रेरित करें। अधीक्षण यंत्री पीएचई सभी हैण्डपंपों और अन्य पेयजल स्त्रोतों का स्थानीय निकायों के सहयोग से शुद्धिकरण कराएं। कमिश्नर ने कहा कि पूरे संभाग में एक पेड़ माँ के नाम अभियान के तहत वृक्षारोपण किया जा रहा है। निर्धारित लक्ष्यों के अनुसार वृक्षारोपण कराना सुनिश्चित करें। सभी शिक्षण संस्थाओं तथा कार्यालयों के परिसर में अनिवार्य रूप से वृक्षारोपण कराएं।

बैठक में कमिश्नर ने शिशुओं तथा गर्भवती महिलाओं के टीकाकरण, पोषण आहार के वितरण, किसानों की आमदनी बढ़ाने के उपायों तथा कार्यालयों के निरीक्षण के संबंध में अधिकारियों को निर्देश दिए।

कमिश्नर कार्यालय में कलेक्टर रीवा श्रीमती प्रतिभा पाल ने निर्धारित एजेण्डा बिन्दुओं की जानकारी दी। बैठक में वीडियो कान्फ्रेंसिंग से शामिल कलेक्टर सतना अनुराग वर्मा, कलेक्टर मऊगंज अजय श्रीवास्तव, कलेक्टर मैहर श्रीमती रानी बाटड, कलेक्टर सीधी स्वरोचिष सोमवंशी तथा कलेक्टर सिंगरौली चन्द्रशेखर शुक्ला ने अपने-अपने जिले के कार्यों की जानकारी दी। बैठक में उपायुक्त डीएस सिंह, संयुक्त संचालक महिला एवं बाल विकास श्रीमती ऊषा सिंह सोलंकी, मुख्य अभियंता एमपीईबी आईके त्रिपाठी, संयुक्त संचालक कृषि एसके नेताम, संयुक्त संचालक शिक्षा एसके त्रिपाठी, क्षेत्रीय संचालक स्वास्थ्य डॉ केएल नामदेव तथा अन्य संबंधित संभागीय अधिकारी उपस्थित रहे।

## जन सुनवाई में 94 आवेदन पत्रों में की गई सुनवाई



### श्रवण बाधित भगवानदीन त्रिपाटी को मिली कान की मषीन

**मीडिया ऑडीटर, सतना (निप्र)।** कलेक्टर अनुराग वर्मा के निर्देशन में कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में आयोजित मंगलवार की जनसुनवाई में अपर कलेक्टर स्वप्निल वानखडे एवं डिप्टी कलेक्टर एलआर जांगडे ने जिले के विभिन्न क्षेत्रों से आये आवेदकों की समस्यायें सुनी। जनसुनवाई में 68 आवेदकों की समस्याएं सुनी गईं और समस्याओं के त्वरित निराकरण के निर्देश संबंधित अधिकारियों को दिए। इस दौरान अपर कलेक्टर स्वप्निल वानखडे ने जनसुनवाई में रघुराज नगर तहसील अंतर्गत मौहारी गांव के श्रवण बाधित भगवानदीन त्रिपाठी को तत्काल कान की मशीन उपलब्ध कराई गई। कान की मशीन मिल जाने से भगवानदीन त्रिपाठी ने शासन-प्रशासन को धन्यवाद दिया।

जनसुनवाई में जमीन का सीमांकन कराने, अनुकंपा नियुक्ति, गरीबी रेखा में नाम जोड़ने, खाद्यान पात्रता पर्ची, दाखिल-खारिज कराने, प्रधानमंत्री आवास योजना, अवैध कब्जा हटाने, राशन कार्ड बनाने, विद्युत समस्या, वृद्धावस्था पेंशन, विधवा पेंशन, विकलांग पेंशन, जमीन का कब्जा दिलाने, चिकित्सा सहायता, रोजगार दिलाने, भरण-पोषण और संबल योजना के लाभ संबंधी आवेदन लेकर जनसुनवाई में पहुंचे।

## किसानों को कृषि योजनाओं के लिए एमपी किसान पोर्टल पर पंजीयन अनिवार्य

**मीडिया ऑडीटर, सतना (निप्र)।** कृषि विभाग की विभिन्न योजना अंतर्गत बीज, सिंचाई यंत्र एवं आदान सामग्री का लाभ लेने के लिए जिले के कृषक किसान पोर्टल "एमपी किसान" पर ऑनलाइन पंजीयन करायें। पंजीयन के लिए बेब ब्राउजर पर पिेंदण्उचण्हवअण्पद वेबसाइट के माध्यम से स्वयं या नजदीकी एमपी ऑनलाइन पर जाकर आवेदन करें। जिले के किसान भाई, कृषि विभाग से संबंधित योजनाओं का लाभ प्राप्त करने के लिए वेब ब्राउजर पर जाकर पिेंदण्उचण्हवअण्पद यूआरएल के माध्यम से कृषक भाई स्वयं ही पंजीयन कर सकते हैं। किसान पोर्टल पर जाने के लिये दिए गए यूआरएल पिेंदण्उचण्हवअण्पद वेब ब्राउजर पर अंकित करें। कृषि योजना मे पंजीयन करने के लिये कृषि योजना के लिये पंजीयन पर क्लिक करें। कृषि योजना के लिये पंजीयन करे, लिंक पर क्लिक करने बाद नए टैब मे पंजीयन पेज ओपन हो जाता है तथा पंजीयन के लिए जरूरी दस्तावेज जो संलग्न होने की जानकारी दी जाती है जैसे कृषक का आधार कार्ड, कृषक की भूमि से सम्बंधित जानकारी, कृषक की समग्र आई.डी, कृषक का जाति प्रमाण-पत्र यदि आवेदक अनु.जाति, अनु.जनजाति का हो तो जानकारी ध्यान पूर्वक पढ़े और आगे बढ़े। बटन पर क्लिक करने के बाद किसान पंजीयन फार्म प्रदर्शित हो जाता है जहां दो ऑप्शन प्रदर्शित होते है। आधार नंबर द्वारा पंजीयन अथवा भू-अभिलेख द्वारा पंजीयन करें आप्शन में से किसी एक ऑप्शन के माध्यम से अपना पंजीयन कर सकते हैं।

बैठक में कमिश्नर ने कहा समन्वय और सहयोग से कृषि क्षेत्र का होगा विकास

# कृषि, पशुपालन, उद्यानिकी तथा मछली पालन विभाग के अधिकारी मिलकर करें कार्य



**मीडिया ऑडीटर, सतना (निप्र)।** रीवा संभाग के कमिश्नर बीएस जामोद ने कमिश्नर कार्यालय सभागार में आयोजित बैठक में विकास योजनाओं की समीक्षा की। कमिश्नर ने कहा कि संभाग के सभी जिलों में ग्रामीण क्षेत्र की अर्थव्यवस्था का आधार खेती है। खेती को व्यवस्थित और उन्नत करके ही किसानों की आय में वृद्धि संभव है। इसके साथ-साथ किसानों को पशुपालन, मुर्गीपालन, बकरी पालन, मछली पालन तथा उद्यानिकी फसलों से भी जोड़ना आवश्यक है। कृषि विभाग, पशुपालन विभाग, उद्यानिकी विभाग तथा मछली पालन विभाग के ग्राम स्तर से लेकर संभाग स्तर तक के अधिकारी मिलकर कार्य करें। सबके समन्वय और सहयोग से ही कृषि क्षेत्र का विकास होगा।

कमिश्नर ने कहा कि प्रत्येक जिले में कृषि व्यवस्था से जुड़े विभागों की प्रशिक्षण कार्यशाला आयोजित की जाएंगी। इनमें कृषि, उद्यानिकी, पशुपालन तथा मछली पालन विभाग के ग्राम स्तर एवं विकासखण्ड स्तर तक के अधिकारियों को एक-दूसरे विभाग के योजनाओं एवं कार्यक्रमों की जानकारी दी जाएगी। इन विभागों के अधिकारी योजनाओं के क्रियान्वयन तथा लक्ष्यपूर्ति में एक दूसरे को सहयोग करेंगे। जिन विभागों के ग्राम स्तर पर कर्मचारी नहीं हैं उन्हें अन्य विभाग योजनाओं के क्रियान्वयन में सहयोग देंगे। हर विभाग का मुख्य उद्देश्य आमजनता का कल्याण करना ही है। जब हम किसी दूसरे विभाग को सहयोग करते हैं तो किसी न किसी रूप में अपने विभाग का ही कार्य कर रहे होते हैं।

कमिश्नर ने कहा कि संयुक्त संचालक कृषि जिलेवार प्रशिक्षण कार्यशाला की तिथि और स्थानों का निर्धारण कर लें। इसमें शामिल होने वाले मैदानी कर्मचारियों को समय पर सूचना देना सुनिश्चित करें। संभाग स्तर पर जिलेवार व्हाट्सएप ग्रुप बनाकर इसमें संबंधित विभागों के अधिकारियों और कर्मचारियों को शामिल करें। इस ग्रुप में सभी अधिकारी अपने विभाग की मैदानी गतिविधियों की नियमित रूप से जानकारी देंगे। इसके माध्यम से योजनाओं का प्रभावी क्रियान्वयन होगा तथा इनकी सुगमता से मॉनीटरिंग की जा सकेगी। ग्रुप में शामिल जिला स्तर के अधिकारी भी विभागीय गतिविधियों की जानकारी इसमें दर्ज करें। सब मिलकर प्रयास करेंगे तो आमजनता को विकास योजनाओं का अधिक सुगमता से मिलेगा। इसके माध्यम से विभिन्न विभागों की योजनाओं और कार्यक्रमों को हम अधिक से अधिक लोगों तक पहुंचा पाएंगे। बैठक में सभी संबंधित अधिकारी उपस्थित रहे।

## मैहर जिले में 40 आवेदनों पर की गई सुनवाई



**मीडिया ऑडीटर, सतना (निप्र)।** मंगलवार को कलेक्ट्रेट सभागार में आयोजित जनसुनवाई में कलेक्टर मैहर रानी बाटड ने जिले के विभिन्न अंचलों से अपनी समस्याओं का आवेदन लेकर आये आवेदकों की समस्याएं सुनी और समस्याओं के त्वरित निराकरण के लिए संबंधित अधिकारियों को निर्देशित किया। इस दौरान उन्होंने तहसील स्तर पर की जा रही जनसुनवाई को वीडियो कांफ्रेंसिंग के माध्यम से मानीटरिंग भी की गई। इस मौके पर अपर कलेक्टर शैलेंद्र सिंह, एसडीएम विकास सिंह, सीईओ प्रतिपाल बागरी, सीएमओ लालजी ताम्रकार, डीपीओ राजेंद्र बांगरे, डीएफ्ओ केएस भदौरिया एवं अन्य विभागीय अधिकारी उपस्थित रहे।

जनसुनवाई के दौरान मैहर जिले में 40 आवेदनों पर सुनवाई की गई। मैहर जिले के नरौरा नईबस्ती निवासी भगवानदीन कोरी ने बताया कि अमिलिया कला में जमीन है। जिसका आराजी नम्बर 809 है। लेकिन पीएम किसान सम्मान निधि का लाभ नहीं मिल रहा है। इसी प्रकार ग्राम पंचायत तिन्दुहता निवासी इन्द्रकली सिंगरौल ने बताया कि आराजी ₹ मांक 597 रकवा 0.157 है। जिसका सीमांकन 2020-21 में कराए जाने के बावजूद आवेदक की आराजी में अवैध कब्जा किया गया है जिसे कब्जा से मुक्त कराने की अपील की गई। ग्राम पंचायत पकरिया निवासी संतोष कुमार बुनकर पिता नत्थू प्रसाद 45 वर्ष के द्वारा बताया गया कि प%ी यशोदा बाई बुनकर की मृत्यु के पश्चात संबल कार्ड योजना के तहत मिलने वाली 2 लाख रूप्ये की राशि कार्ड में दिखाई दे रही है लेकिन राशि अभी तक नहीं मिली।

अमरपाटन में 7 तथा रामनगर में 12 आवेदन पर हुई जनसुनवाई

मैहर कलेक्टर रानी वाटड के निर्देशानुसार जिले के सभी विकासखण्ड कार्यालय एवं सभी ग्राम पंचायतों में प्रत्येक मंगलवार को जनसुनवाई प्रारंभ हो गई है। इसी क्रम में अमरपाटन के विकासखंड कार्यालय में एसडीएम आरती यादव एवं तहसीलदार रामदेव साकेत द्वारा आवेदकों की समस्यायें सुनी गई और समस्याओं के निराकरण के निर्देश संबंधित अधिकारियों को दिये गये। इस दौरान एसडीएम आरती यादव ने 5 आवेदकों की समस्याओं का तत्काल निराकरण करते हुए 2 आवेदकों की समस्याओं के निराकरण के निर्देश संबंधित अधिकारियों को दिये। इसी प्रकार रामनगर के एसडीएम कार्यालय में भी एसडीएम डॉ. आरती सिंह ने विकासखंड के विभिन्न ग्रामों से आये आवेदकों की समस्याएं सुनी गई। जनसुनवाई में आये प्रकरणों का निराकरण करने के निर्देश दिये। ग्राम स्तर की जनसुनवाई में सरपंच, सचिव, रोजगार सहायक, पटवारी एवं मैदानी अमले ने ग्राम वासियों की स्थानीय समस्याओं को सुनकर उनका निराकरण किया। ग्राम पंचायतों की जनसुनवाई में 216 आवेदनों में सुनवाई की गई।

### अभियान के अंतर्गत किया गया पौध रोपण

**मीडिया ऑडीटर, सतना (निप्र)।** मैहर कलेक्टर श्रीमती रानी बाटड ने मैहर न्यायलय परिसर में मंगलवार को एक पेड़ मां के नाम अभियान के अंतर्गत पौधारोपण किया गया। कलेक्टर श्रीमती बाटड ने कहा कि पौधा लगाने के साथ-साथ पौधे को गर्मियों के दिनों में पानी मिले इसकी व्यवस्था भी की जाए। इस मौके पर न्याय डंडाधिकारी भानु पड़वार, सीएमओ लालजी ताम्रकार तथा अधिवक्ता संघ के अधिकारी-कर्मचारी उपस्थित रहे।

### गलत विद्युत देयकों के सुधार अथवा मीटर संबंधी षिकायतों के आवेदन आज तक

**मीडिया ऑडीटर, सतना (निप्र)।** विद्युत उपभोक्ता शिकायत निवारण फोरम सतना द्वारा जिले के समस्त विद्युत उपभोक्ताओं को सूचित किया गया है कि ऐसे उपभोक्ता जिनके द्वारा वितरण केन्द्र स्तर पर गलत विद्युत देयकों के सुधार अथवा मीटर आदि से संबंधित शिकायतें की गई हो, और उनका निराकरण लंम्बित होने पर ऐसे उपभोक्ता 10 जुलाई को दोपहर समय 12 बजे से सायं 4 बजे तक निर्धारित प्रपत्र में लंबित शिकायतों के निराकरण हेतु अध्यक्ष विद्युत उपभोक्ता शिकायत निवारण फोरम सतना एवं कार्यपालन अभियंता प्रेमनगर सतना में अपना अभ्यावेदन 3 प्रतियों में प्रस्तुत कर सकते है।

## मैहर कलेक्टर ने संकुटा तालाब प्रांगण में किया पौध रोपण




**मीडिया ऑडीटर, सतना (निप्र)।** एक पेड़ मां के नाम में अभियान के अंतर्गत मंगलवार को मैहर कलेक्टर श्रीमती रानी बाटड ने संकुटा तालाब प्रांगण में पौधारोपण किया। इस दौरान कलेक्टर श्रीमती बाटड ने तालाब परिसर को पौधारोपण और बीजारोपण कर देखभाल करने की अपील की। इस मौके पर एसडीएम मैहर विकास सिंह, सीएमओ लालजी ताम्रकार, एई राहुल पटेल, आकाश अग्रवाल, नगर पालिका कर्मचारी और स्थानीय लोग उपस्थित रहे।

### बीड़ी और अयस्क खदान श्रमिकों के बच्चों को छात्रवृत्ति के आवेदन 31 अगस्त तक

**मीडिया ऑडीटर, सतना (निप्र)।** मध्यप्रदेश राज्य के बीड़ी, चूना पत्थर एवं डोलो माइट अयस्क खदान श्रमिकों के मान्यता प्राप्त शिक्षण संस्थाओं में अध्ययनरत पुत्र-पुत्रियों को शैक्षणिक सत्र 2024-25 के लिए शिक्षा हेतु वित्तीय सहायता छात्रवृत्ति दी जाती है। इस योजना के तहत कक्षा 1 से उच्च शिक्षा ग्रहण करने पर छात्रवृत्ति एक हजार रूपये से लेकर अधिकतम 25 हजार रूपये तक स्वीकृत की जाती है। बीड़ी श्रमिकों के बच्चों को योजना का लाभ लेने नेशनल स्कालर शिप पोर्टल पर आनलाइन आवेदन की प्रक्रि या प्रारंभ हो गई है। प्री-मैट्रिक छात्रवृत्ति के लिए 31 अगस्त 2024 पोस्ट मैट्रिक के लिए 31 अक्टूबर 2024 अंतिम तिथि निर्धारित की गई है।

उप कल्याण आयुक्त भारत सरकार, श्रम कल्याण संगठन जबलपुर ने बताया कि शैक्षणिक सत्र 2024-25 में छात्रवृत्ति के लिए आवेदन करने ओटीआर (वन टाइम रजिस्ट्रेशन) और फेस ओथेटिकेशन प्रक्रि या पूरी करना अनिवार्य होगी। आवेदन की पात्रता व अन्य संबंधित जानकारी और शर्तें नेशनल स्कालर शिप पोर्टल पर उपलब्ध है। आनलाईन आवेदन के साथ आवश्यक दस्तावेज स्कैन कर अपलोड किये जायेंगे। आवेदन के पश्चात अपने शिक्षण संस्थान से सम्पर्क कर पोर्टल की जानकारी सत्यापित करानी होगी। छात्र-छात्राओं को सलाह दी गई है कि पोर्टल पर प्रदर्शित अन्य विभागों की छात्रवृत्ति में अधिक राशि प्रदान की जाती है तो संबंधित विभाग को छात्रवृत्ति हेतु भी आवेदन कर सकते हैं। प्रभारी चिकित्सक बीड़ी कामगार कल्याण निधि औषधालय सतना डॉ. अजयराज सिंह ने बताया कि आनलाईन आवेदन करने संबंधी अन्य किसी भी प्रकार की जानकारी के लिए जबलपुर मुख्यालय के दूरभाष 0761-4039511, 4039510, ईमेल आईडी तथा कल्याण प्रशासक कार्यालय इंदौर के दूरभाष क्रमांक 0731-2703530 पर भी सम्पर्क स्थापित किया जा सकता है। अथवा मध्यप्रदेश परिक्षेत्र में संचालित अपने नजदीकी औषधालयों एवं केन्द्रीय चिकित्सालय सागर में व्यक्तिगत रूप से जानकारी प्राप्त की जा सकती है। संस्थान द्वारा सत्यापन नहीं होने पर आवेदनों पर विचार नहीं किया जायेगा। शिक्षा के लिए वित्तीय सहायता योजना के अंतर्गत मध्यप्रदेश राज्य के बीड़ी और खदान श्रमिकों के बच्चों को कक्षा 1 से 4 तक 1 हजार रूपये, कक्षा 5 से 8 तक 15 हजार रूपये, कक्षा 9-10 के लिए 2 हजार रूपये, कक्षा 11-12 में 3 हजार रूपये, आईटीआई, पालीटेक्नीक और स्नातकोत्तर पाठ्यक्र मों में अध्ययनरत बच्चों को 6-6 हजार, व्यावसायिक डिग्री बीई, बीटेक, एमबीबीएस, बीएएमएस, बीयूएमएस, एमसीए जैसे कोर्स के लिए 25 हजार रूपये की सहायता राशि दी जायेगी।

## केन्द्रीय जेल में 1675 वंदियों को वीसीजी वैक्सीन लगाई

**मीडिया ऑडीटर, सतना (निप्र)।** जिला क्षय स्वास्थ्य समिति द्वारा राष्ट्रीय क्षय उन्मूलन कार्यर्₹ म अन्तर्गत गत दिवस केन्द्रीय जेल में टीकाकरण का शिविर का आयोजन किया गया। व्यस्क बीसीजी टीकाकरण के द्वितीय शिविर में केन्द्रीय जेल सतना में परिरूद्ध बंदियों में से पात्र बंदियों को बीसीजी वैक्सीन लगाई गई। टीबी हारेगा, देश जीतेगा इस उद्देश्य की पूर्ति हेतु प्रत्येक व्यक्ति को टीबी से मुक्त होना आवश्यक है। इसी ₹ म में बंदियों को टीबी बीमारी से मुक्त रखने व स्वस्थ रखने के लिये शिविर आयोजित किया गया है।

कल्याण अधिकारी केन्द्रीय जेल अनिरूद्ध कुमार तिवारी ने बताया कि केन्द्रीय जेल में पहले सत्र में 1337 बंदियों तथा द्वितीय सत्र 338 बंदियों सहित कुल 1675 बंदियों को एडल्ट बीसीजी का टीका लगाया गया। अब जेल में सभी पात्र बंदियों को एडल्ट बीसीजी का टीका लग चुका है।

### ई-केवायसी सत्यापन 15 तक पूर्ण किया जाये

**मीडिया ऑडीटर, सतना (निप्र)।** सामाजिक न्याय एवं दिव्यांगजन सशक्तिकरण विभाग द्वारा पेंशन हितग्राहियों का समग्र पोर्टल पर सत्यापन एक सतत प्रक्रि या है। इसके तहत जिले में शेष हितग्राहियों का समग्र पोर्टल पर ई-केवायसी किया जा रहा है। ई-केवायसी में हितग्राहियों का पुनः सत्यापन जिले वार 15 जुलाई 2024 तक पूर्ण कर लिया जाएगा।

आयुक्त, सामाजिक न्याय एवं दिव्यांगजन सशक्तिकरण से प्राप्त जानकारी के अनुसार केन्द्र एवं राज्य सरकार की वृद्ध, विधवा, दिव्यांगजन सहित 6 प्रकार की पेंशन योजनाएँ संचालित की जाती हैं, जिनका ऑनलाइन क्रि यान्वयन पेंशन पोर्टल के माध्यम से किया जाता है। भारत सरकार के निर्देशानुसार योजनाओं के हितग्राहियों का आधार ई-केवाईसी अप्रैल 2023 से निरंतर जारी है। इस प्रक्रि या के अंतर्गत लगभग 85 प्रतिशत हितग्राहियों का सत्यापन किया जा चुका है। शेष हितग्राहियों के लिये सत्यापन की प्रक्रि या जारी है। आधार ई-केवायसी के उपरांत पात्र हितग्राहियों को पेंशन राशि का एरियर के साथ भुगतान किया जाएगा।

### नि:शुल्क कोचिंग क्लासेस का नवीन बैच 12 जुलाई से

**सतना.** यूपीएससी एवं एमपीपीएससी नि:शुल्क कोचिंग क्लासेस का नवीन बैच 12 जुलाई को इनक्यूबेशन सेंटर, कलेक्ट्रेट ऑफिस के पीछे, धवारी चौराहा पर शुरू होने जा रहा है। यूपीएससी एवं एमपीपीएससी की तैयारी के लिए इच्छुक अभ्यर्थी अपना पंजीयन करा सकते हैं। पंजीयन का समय प्रातः 8 बजे से 10 बजे तक निर्धारित है। नि:शुल्क कोचिंग क्लासेस मेंस पर आधारित रहेगी।

### जिला सलाहकार समिति की बैठक आज

**मीडिया ऑडीटर, सतना (निप्र)।** जिला स्तरीय सलाहकार समिति की त्रैमासिक बैठक मैहर कलेक्टर श्रीमती रानी बाटड की अध्यक्षता में 10 जुलाई को शाम 5 बजे कलेक्ट्रेट सभागार में आयोजित की गई है। सभी विभागीय अधिकारियों को बैठक में उपस्थित रहने के निर्देश दिये गये हैं।

स्वत्वाधिकारी मुद्रक प्रकाशक संदीप द्विवेदी द्वारा मीडिया प्रकाशन रीवा से मुद्रित कर मीडिया ऑडीटर कार्यालय प्रभात बिहार कॉलोनी सतना से प्रकाशित, संपादक संदीप द्विवेदी आर.एन.आई नं.एमपीएचआईएन/2021/81683
प्रधान कार्यालय रीवा (सिटी कार्यालय चक्रधर सिटी सेंटर रीवा) फोन. नं. 9407132714, 7974467831 Mediaauditor1@gmail.com पीआरबी एक्ट के तहत समाचार चयन के लिए जिम्मेदार, सभी विवादो का न्याय क्षेत्र रीवा होगा।